एजेंसी देना हैं
दैनिक जनसेवा समाचार
की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सभी जिलों एवं तहसील में एजेंसी देना हैं इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करे

दैनिक
# जनसेवा समाचार
MPHIN/2013/53952

आवश्यक्ता हैं
दैनिक जनसेवा समाचार
को मेहनती और शिक्षित युवकों की जो आवश्यकता हैं जो विज्ञापन लाने का कार्य कर सके।

वर्ष-20 | अंक-129 | प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, बुधवार 21 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपये

## इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में लगा, मोहन सरकार का दरबार

# 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति

**भोपाल।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर उनके आदर्शों और मूल्यों को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई। मंत्रि-परिषद ने 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इसमें युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जायेगे। योजना में जरूरतमंद व्यक्ति बैंक ब्याज में एक हजार रुपए प्रतिवर्ष छूट के साथ पूरे जीवनकाल के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये प्रति व्यक्ति ऋण के ब्याज पर छूट प्राप्त कर सकेगा।






### ऐसे होगा राहवीर योजना का क्रियान्वयन

सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टर को इस योजना पर अमल के निर्देश दिए हैं। योजना में प्रावधान है कि अगर कोई नागरिक सड़क हादसे में किसी घायल व्यक्ति को उसके गोल्डन-ऑवर (प्रारंभिक 1 घंटे) में चिकित्सा के लिए अस्पताल तक पहुंचाता है और उसकी जान बच जाती है तो उस स्थिति में उसे 25 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन होगा शुरू

मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन को फिर से प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यममंत्री शहरी स्वच्छता मिशन योजना 2025-26 से 2028-29 तक लागू होगी। इसके लिए 277 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है ताकि नगर निगमों के पास आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो। इसमें राज्य सरकार 167.74 करोड़ और निकाय का अंशदान 59.31 करोड़ होगा।

### महिला सशक्ति करण महा सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है। लोकमाता के सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि के कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की गई है।

### प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बड़ाने पर दृष्टि

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष पर राजवाड़ा इंदौर में विकसित मध्यप्रदेश ञ्च2047 दृष्टिपत्र पर मंत्रि-परिषद ने मंथन किया। लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्शो और मूल्यों अनुरूप विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लक्ष्यों और प्रक्रिया पर सदस्यों की विस्तृत चर्चा हुई। वर्ष 2047 तक प्रदेश का समेकित विकास करते हुए सकल घरेलू उत्पाद को 15.03 लाख करोड़ से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को एक लाख 60 हजार रूपये से बढ़ाकर 22 लाख रूपये करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नहीं रहे परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एमआर श्रीनिवासन

**नई दिल्ली।** परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पद्म विभूषण से सम्मानित श्रीनिवासन ने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनके निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि उनका निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। एक्स पर एक पोस्ट में खरगे ने कहा कि एक अग्रणी परमाणु वैज्ञानिक और पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. एमआर श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। खरगे ने एमआर श्रीनिवासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी साझा किया।

### मऊगंज में भाजपा नेता के घर में घुसा तेंदुआ

**मऊगंज।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के बंधवा मोड़ गांव में मंगलवार सुबह एक तेंदुआ भाजपा नेता और पूर्व पार्षद सीएम सिंह पटेल के घर में घुस गया। घटना उस समय हुई जब ग्राम आंबी के कुछ बच्चे खेत में शौच के लिए गए थे। तेंदुए ने बच्चों पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद वह भागकर पूर्व पार्षद के घर में घुस गया। घर के लोगों ने तुरंत दरवाजा बंद कर दिया। सूचना मिलते ही नईगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई। वन विभाग को भी खबर दी गई। ग्रामीण मनीष कुमार सेन ने बताया कि हमारे गांव के दो लड़के थे। शौच के लिए खेत में गए थे। वहीं मेड़ के पास तेंदुआ बैठा था। इस दौरान तेंदुआ उनपर झपट पड़ा। एक बच्चे शुभम साकेत की गर्दन और कूले पर हमला किया।

बैरसिया इलाके में हुआ दर्दनाक हादसा

## बस ने कार को सामने से मारी टक्कर, चालक और युवती की मौत






नगर संवाददाता, भोपाल।

बैरसिया में रहने वाली बहन से मिलने जा रहे भाई-बहन की कार को सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक और युवती की मौत हो गई। जबकि भाई गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय अश्विनी बागड़ी पचमढ़ी की रहने वाली थी। सोमवार को वह अपने भाई नैतिक बागड़ी और ड्रायवर रोहन ठाकुर (22) के साथ पचमढ़ी से बैरसिया अपनी बहन से मिलने के लिए आ रही थी। अश्विनी की बड़ी बहन नेहा रत्नाकर और बहनोई सचिन रत्नाकर बैरसिया के होलीपुरा में रहते हैं। सुबह करीब ग्यारह बजे उनकी आर्टिगा कार बरैसिया रोड स्थित नरेला पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी बैरसिया से भोपाल की तरफ जा रही तेज रफ्तार नेशनल ट्रैवल्स की बस ने कार को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए बैरसिया स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अश्विनी बागड़ी और कार चालक रोहन ठाकुर को चैक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अश्विनी के भाई नैतिक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार

हादसा इतना भयानक था कि कार के सामने वाला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसी प्रकार बस का क्लीनर साईड का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस जब्त कर ली है। चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि इस हादसे में बस में सवार दो लोगों को भी चोट आई है। बस के कागजात चैक करेगी पुलिस जिस बस ने आर्टिगा कार को टक्कर मारी है, उसकी हालत काफी खस्ताहाल दिखाई दे रही है।

नीदरलैंड दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर

## आतंकवाद के खिलाफ समर्थन के लिए जताया आभार

एजेंसी, हेग

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर ने अपने नीदरलैंड दौरे पर सोमवार को वहां के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्दकैंप से मुलाकात की। इस मुलाकात में विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले पर नीदरलैंड के समर्थन के लिए आभार



जताया। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में नीदरलैंड सरकार की मेहमाननवाजी की भी तारीफ की।

## मुंबई में 2 कोरोना पॉजिटिव की मौत

**मुंबई।** मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इधर, एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28त्न का इजाफा हुआ है। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## मुरादाबाद में 70 कपड़ा गोदामों में भीषण आग



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सोमवार शाम पुराने कपड़ों के गोदाम में भीषण आग लग गई। हवा तेज चलने से आग 5 गोदामों से फैलकर 70 गोदामों तक पहुंच गई है। मौके पर काम कर रहे मजदूर जान बचाकर भागे। फायर ब्रिगेड की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंची। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे 60 कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। आग बुझाने में करीब 10 घंटे लग गए। इस दौरान रामपुर, अमरोहा, संभल से भी फायर टेंडर पहुंचे थे। आग इतनी भीषण थी कि आग की लपटें और धुएं के गुबार 2 किमी दूर से दिखाई दिए। आसपास के घरों को भी खाली करा दिया गया। करीब 5 करोड़ रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। हालांकि, अग्निशमन विभाग इसका अलग से मूल्यांकन की तैयारी कर रहा है।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर का प्रमोशन, फील्ड मार्शल बने

**तानाशाह अयूब खान के बाद पहली बार इस पद पर नियुक्ति**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने आज मंगलवार को यह फैसला लिया। मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ ऑपरेशन बुनयान-उम-मार्सूस के दौरान आर्मी को लीड करने की वजह से किया गया।



पाकिस्तान में आसिम मुनीर से पहले 1959 में सैन्य तानाशाह अयूब खान ने खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर दिया था। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक मानी जाती है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। पाकिस्तान में यह रैंक केवल खास परिस्थितियों में ही दी जाती है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को फील्ड मार्शल का दर्जा देने की मांग की गई थी।

## भारतीय नेसा ने पुंछ में हाइटेक सर्विलांस सिस्टम लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने मंगलवार को वीडियो पोस्ट करके बताया- 7-8 मई की रात पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया था, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। सेना



पहले से सतर्क थी और पाकिस्तान की फायरिंग पैटर्न को समझकर कुछ ही सेकंड में जवाब दिया। सेना ने पाकिस्तान की पोस्ट, बंकर और लॉन्चिंग पैड्स को तबाह कर दिया था। पाकिस्तानी हमले का जवाब देने के लिए बॉर्डर पोस्टों पर मीडियम मशीन गन का इस्तेमाल किया। इसी से दुश्मन की पोस्टों पर जोरदार हमला किया। जब पाकिस्तान सेना हमारी जवाबी कार्रवाई का मुकाबला नहीं कर सकी, तो उन्होंने हमारे नागरिक इलाकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

सहमति | विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने पक्ष में किया मतदान

## वैश्विक आपदा की रोकथाम के लिए दुनियाभर के देशों में समझौता



### कोरोना के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल

एजेंसी, जेनेवा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के सदस्य देशों ने वैश्विक महामारी समझौते के पक्ष में मतदान किया। इस समझौते का मकसद भविष्य में किसी भी महामारी को रोकना है। इस समझौते पर आज डब्लूएचओ की बैठक में चर्चा होगी। डब्लूएचओ ने बताया कि बैठक के बाद विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष बयान जारी करेंगे।

### महामारी को रोकना उद्देश्य

कोरोना महामारी के दौरान इस आपदा समझौते की शुरुआत की गई थी और इसकी मंजूरी देने से पहले तीन साल से अधिक समय तक इसे अपनाने की प्रक्रिया चली। इस समझौते में महामारी की रोकथाम के लिए जो कमियां हैं, उन्हें दूर करने पर बात हुई। डब्लूएचओ ने बयान में कहा कि 'इस महत्वपूर्ण समझौते को डब्ल्यूएचओ संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनाया गया। इसका उद्देश्य देशों, डब्ल्यूएचओ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों, नागरिक समाज, निजी क्षेत्र और अन्य हितधारकों के बीच मजबूत सहयोग को बढ़ावा देना है ताकि महामारी को रोका जा सके और भविष्य में महामारी संकट की स्थिति में बेहतर तरीके से निपटा जा सके।

### क्या बोले डब्लूएचओ के महानिदेशक

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस गैब्रेसियस ने कहा, 'दुनिया भर की सरकारें अपने देशों और वैश्विक समुदाय को महामारी के खतरों से सुरक्षित बना रही हैं। मैं विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों को कोविड-19 के बाद भविष्य की महामारियों से दुनिया को बेहतर तरीके से बचाने के लिए एक साथ आने का संकल्प लेने के लिए बधाई देता हूं। इस वैश्विक समझौते को विकसित करने के लिए उनका काम यह सुनिश्चित करेगा कि देश अगली महामारी के खतरे को रोकने और उसका जवाब देने के लिए बेहतर, तेज और अधिक समान रूप से एक साथ काम करें। इस समझौते के तहत पैथोजन एक्सेस एंड बेनेफिट शेयरिंग सिस्टम बनाया जाएगा। इसके लिए एक अंतरसरकारी कार्य समूह स्थापित किया जाएगा। इस पीएबीएस सिस्टम में फार्मा कंपनी भी शामिल की जाएंगी, ताकि महामारी की स्थिति में जल्द से जल्द वैक्सीन तैयार की जा सके।

## कांग्रेस, बीजेपी, में पोस्टर वॉर
## कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा बीजेपी ने राहुल को मीर जाफर बताया था

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया।मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया। अमित मालवीय ने लिखा- राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने




कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर क्क्रू शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं- तेज आवाज में पूछो।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




बैढ़न। एनटीपीसी-विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा -2025 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क?ी में सीएसआर विभाग द्वारा परियोजना के डीपीएस, डी-पॉल एवं सरस्वती स्कूल में अध्यनरत छात्र/छात्राओं हेतु स्वच्छता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा कर्मचारियों हेतु स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यालयों तथा कर्मचारियों से लगभग 600 से अधिक लोगों ने अति उत्साह के साथ भाग लिया एवं आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में स्वच्छता पर आधारित खूबसुरत चित्रकला बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं भारी संख्या मे छात्र छात्राएँ उपस्थित रही ।

### मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन

सीधी। राज्य शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री अमित कुमार राठौर को अध्यक्ष एवं आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प तथा प्रबंध संचालक संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम श्री मदन कुमार नागरगोजे को सदस्य सचिव बनाया गया है। मालसिंह भयडिया प्रबंध संचालक म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. माटीकला बोर्ड, मोहित बुंदस आयुक्त रेशम संचालनालय, अरुण कुमार सिंह उप सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग, जी.एस. आर्य अवर सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग को सदस्य बनाया गया है। मिशन कर्मयोगी, एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सिविल सेवकों को राष्ट्र की सेवा के लिए बेहतर तैयार करना है। यह सिविल सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है।

# टेंडर के बाद भी ठेकेदार नहीं बना रहे सड़क

## दीनदयाल नगर परिसर में ठेकेदार की लापरवाही से व्यापारी परेशान

सीधी ( नि.प्र. )



शहर के दीनदयाल नगर परिसर आवासीय मोहल्ला के साथ व्यापारियों का भी स्थान है। यहां सड? का टेंडर होने के बाद भी संविदाकार द्वारा सड? नहीं बनवाई जा रही है। जिस वजह से थोड़ी सी बारिश में ही मुसीबत हो जाती है। वहीं बरसात के दिनों में तो दुकानों में पानी भरने सहित आवागवन भी बाधित होता है। इस मामले में अभी तक कोई पहल न होने से जनता में नगर पालिका एवं संविदाकार के प्रति नाराजगी दिख रही है।

मालूम हो कि नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 11 की यह स्थिति है। बीते वर्ष बारिश के दिनों में इस तरह लबालब पानी भर गया था कि व्यापारियों के प्रतिष्ठान में पानी जा रहा था। प्रेम स्वीट के पीछे सभी व्यापारियों के दुकानों में पानी घुस रहा था, वहीं आवागमन भी बाधित था। उस दौरान समाजसेवी योगेन्द्र सिंह चौहान सहब्बू खुद आकर नगर पालिका से जेसीबी मंगाकर वैकल्पिक नाली बनवाने का काम किया। इसके बाद नगर पालिका में समिति की बैठक में अपनी पुत्री पार्षद के माध्यम से उन्होने इस रोड़ का प्रस्ताव पारित कर टेंडर जारी करवाया। पहला टेंडर किसी सतना के कुशवाहा ठेकेदार के नाम था। वह काम छोंड़ दिया। दूसरा टेंडर फिर कई महीनों में जारी हुआ है। जो कि सुमित पाण्डेय के नाम से है। लेकिन वह भी काम में लापरवाही कर रहे हैं। आज सोमवार को थोड़ी सी बारिश में ही सड? में पानी भर गया है। फिर बरसात में वही हालत होगी। आखिर संविदाकार टेंडर लेने के बाद सड? क्यों नहीं बनवा पा रहे हैं।

### जानलेवा बना सड़क का गड्ढा



दीनदयाल परिसर के ठीक ऊपर एक जानलेवा गड्ढा मुख्य सड़क मार्ग में बना हुआ है। इस मामले की जानकारी सभी को है लेकिन जिम्मेदार गड्ढे की भरपाई करना उचित नहीं समझ रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। जिसके जिम्मेदार नगर पालिका खुद होगी। इस मामले में गंभीरता देखते हुए जल्द कार्यवाही कर गड्ढे की पूर्ति की जाए।

# अवैध शराब बिक्री के आरोपी गिरफ्तार

सीधी ( नि.प्र. )




अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले दो आरोपियों को कमर्जी पुलिस नें हिरासत में लेकर आरोपियों के कब्जे से लगभग 27 हजार रूपए कीमती 60 लीटर अंग्रेजी तथा देशी शराब जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह के नेतृत्व में कमर्जी पुलिस नें अवैध रूप से शराब की बिक्री के मामले में दो आरोपियों को हिरासत मे लेकर मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह को कॉम्बिग गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम अदयपुर का भोला गुप्ता पिता शोभनाथ गुप्ता अपनी किराना दुकान के अन्दर रामपाल पटेल निवासी हर्दी थाना अमिलिया के साथ मिलकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में रखे हुये है। मुखविर सूचना पर पुलिस ने आरोपी भोला गुप्ता शोभनाथ गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी अदयपुर थाना कमर्जी एवं रामपाल पटेल पिता राजमनि पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी हर्दी अमिलिया जिला सीधी का कृत्य धारा 34(2) मप्र आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से आरोपीगणो के कब्जे से कुल शराब 60 लीटर कीमती 27160 रुपये को जप्त किया जाकर उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरी पवन सिंह, प्रधान आरक्षक राजू जायसवाल, अभय वर्मा आर नीरज सिंह, शुभम सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# सेना के अपमान करने वालों पर हो कार्यवाही : पुष्पराज

■ न्यायालय पर ही अब दिख रही हैं कार्यवाही की उम्मीदें

सीधी ( नि.प्र. )



जिला न्यायालय के वरिष्ट अधिवक्ता पुष्पराज सिंह बघेल ने कहा कि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं मंत्री विजय शाह द्वारा की गई सेना की टिप्पणी पर अभी तक भाजपा कोई एक्शन नहीं ले रही है। विजय शाह को लेकर हाई कोर्ट में मामला गया इसके बाद मामूली कार्यवाही हुई। फिर सुप्रीम कोर्ट ने भी फटकार लगाई। वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पराज सिंह ने आगे कहा कि मंत्री विजय शाह के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई थी। जिसे की सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री के माफी को लेकर मामला खारिच करने के साथ जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। इस टीम में तीन आईपीएस अधिकारी रहेंगे। वहीं शाह की माफी पर कोर्ट ने कहा कि कभी-कभी माफी बचने के लिए मांगी जाती है तो कभी-कभी यह मगरमच्छ के आंसू जैसी होती है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने मामला खारिच किया है। अधिवक्ता श्री सिंह ने कहा कि मंत्री विजय शाह के खिलाफ जो एफआईआर हुआ वह भी औचित्यहीन रही। इस पर भी हाईकोर्ट ने जवाब मांगा है। उन्होने कहा कि सरकार अब उन्हें नहीं बचा सकती। कार्यपालिका, न्यायपालिका सभी का कार्य अलग होता है। वह कानून के रक्षक हैं। वह निष्पक्ष न्याय करते हैं।

### तिरंगा यात्रा को लेकर भी कही गई बात

जिला न्यायलय के अधिवक्ता पुष्पराज सिंह ने तिरंगा यात्रा को लेकर कहा कि भाजपा तिरंगा यात्रा निकाल रही है वह बिल्कुल सही है। लेकिन जब उन्हीं के नेता सेना का अपमान कर रहे हैं फिर तिरंगा यात्रा किस बात को लेकर। चाहे डिप्टी सीएम हों या मंत्री हों आखिर सेना का अपमान कर रहे हैं फिर भाजपा तिरंगा यात्रा निकालकर क्या दिखाना चाहती है। उन्होने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी ने पूरे देश का मान बढ़ाया है। लेकिन भाजपा धर्म संगठन के नाम पर राजनीति करते हैं।

### महिला स्वसहायता समूहों को भ्रमण किट 23 मई तक आवश्यक रूप से वितरित हो

सीधी। प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश में 5 जून से 31 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने विस्तृत दिशा निर्देश नगरीय निकायों को जारी किये है। यह अभियान अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है। नगरीय निकायों को पौध रोपण का स्थल चयन कर अमृत 2.0 के पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों से कहा है कि स्व सहायता समूह की महिलाओं को 21 मई से 23 मई तक पौध रोपण के स्थान का भ्रमण किट आवश्यक रूप से वितरित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# विधवा महिला के साथ मारपीट पर दर्ज हुआ मामला

## एक पर हुई कार्यवाही, अन्य पर अभी नहीं




सीधी ( नि.प्र. )

जिले के पुलिस चौकी पिपरांव अन्तर्गत ग्राम कपुरी कोठार के हनुमान मंदिर के सामने विगत दिनों विधवा महिला अर्चना मिश्र पर हुये हमले के मामले में एक हमलावर रामबिहारी पाण्डेय पिता रामसजीवन पाण्डेय ग्राम रैदुआरिया पर मामला दर्ज किया गया है जबकि अन्य हमलावरों पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके कारण अकेली विधवा महिला को आरोपियों से खतरा बना हुआ है। मीडिया से चर्चा करते हुए पीड़िता बेवा अर्चना मिश्र ने बताया कि मेरे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र ने किराये के गुण्डो से मेरे ऊपर 17 मई की रात हमला करबाये थे। हनुमान प्रसाद मिश्र पिता स्व. रामपाल मिश्रा, अनुरूद्ध मिश्रा पिता हनुमान प्रसाद मिश्र निवासी कपुरी कोठार, रामबिहारी पाण्डेय पिता रामसजीवन पाण्डेय ग्राम रैदुआरिया, बसंत द्विवेदी पिता बंशपति द्विवेदी, सुधाकर द्विवेदी पिता रमाशंकर द्विवेदी निवासी कपुरी पवाई, सीताराम पाण्डेय पिता कौशल प्रसाद पाण्डेय निवासी भरतपुर आदि शामिल थेए किन्तु पुलिस ने सिर्फ एक हमलावर रामबिहारी पाण्डेय पर पुलिस प्रकरण दर्ज किया है। जबकि घटना के वीडियो पर लोग दिख रहे है। उन्होंने बताया कि उक्त लोगों के द्वारा ना केवल मेरे साथ मारपीट की गई बल्कि मेरा चीर हरण करने व मेरे इज्जत पर हाथ डालने का प्रयास भी किया गया था। किन्तु पिपरांव चौकी पुलिस ने सिर्फ एक व्यक्ति पर साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि हनुमान प्रसाद मिश्र जो स्वयं शंभू पुजारी बन कर हनुमान मंदिर को असमाजिक तत्वों का अड्डा बना दिये है। उन्होंने ने बताया कि यदि मेरे साथ कोई घटना घटती है तो उसके जिम्मेदार हनुमान प्रसाद मिश्र, अनुरूद्ध मिश्र, बसंत द्विवेद्वी, सुधाकर द्विवेदी, सीताराम पाण्डेय होगें।

# प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में सम्पन्न हुई भाजपा के प्रबंध समिति की बैठक



सीधी ( नि.प्र. )

भारतीय जनता पार्टी की प्रबंध समिति की अति महत्वपूर्ण बैठक सूर्या भवन में सम्पन्न हुई। यह बैठक जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह की अध्यक्षता में दिनांक 18 मई को शायं सम्पन्न हुई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न सांगठनिक एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई तथा की महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार हुए एवं कई महत्वपूर्ण सांगठनिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए। भारतीय जनता पार्टी की यह समिति सर्वोपरि मानी जाती है , तथा इस समिति में संगठन के उच्च पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ सदस्य सम्मिलित होते हैं तथा विभिन्न सांगठनिक एवं गंभीर प्रशासनिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं जिसके आधार पर संगठन एवं शासन स्तर के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। प्रबंध समिति की बैठक में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, जिला महामंत्री राजकुमार दुबे एवं जिला महामंत्री लालपति साकेत उपस्थित रहे।

# रॉयल पब्लिक स्कूल में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

सीधी ( नि.प्र. )




रॉयल पब्लिक स्कूल चुरहट में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यालय के उन होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में समर्पित था, जिन्होंने सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनेंद्र मिश्रा राजन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। मंच पर विद्या की देवी को नमन करते हुए पूरे वातावरण में एक पावन ऊर्जा का संचार हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल राजेंद्र पटेल ने अतिथियों और छात्रों के अभिभावकों के प्रति उद्बोधन प्रकट करते हुए बच्चों को अनुशासन का महत्व बताया। विद्यालय के एकेडमिक हेड मनीष सेन के द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रकार के विद्यालयीन क्रियाकलाप आदि की बेहतरीन जानकारी अभिभावकों एवं अतिथियों को प्रदान किया गया।

### प्रतिभा केवल अंक भर से नहीं होती : अनेन्द्र

मुख्य अतिथि अनेंद्र मिश्रा राजन एवं विशिष्ट अतिथि अवनीन्द्र सिंह ने मंच पर उपस्थित टॉप 3 रैंक होल्डर विद्यार्थियों को मेडल, शील्ड व चॉकलेट प्रदान कर सम्मानित किया। यह पल न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए भी अत्यंत गर्वपूर्ण रहा। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा प्रतिभा केवल अंक नहीं होती, वह अनुशासन, मेहनत और निरंतरता का परिणाम होती है। ऐसे समारोह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और आगे बढने की ऊर्जा भरते हैं। विद्यालय संचालक राजेश कुमार गुप्ता ने मंच से कहा यह सम्मान केवल छात्रों का नहीं, यह हर शिक्षक, हर अभिभावक और हर कर्मचारी की मेहनत का फल है। यह हमारा साझा गर्व है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अध्यापकगण व स्टाफ सदस्यों को भी विशेष धन्यवाद व सराहना दी गई, जिनके सतत मार्गदर्शन, सहयोग और अनुशासन के बल पर विद्यालय की यह उपलब्धि संभव हो पाई।

### विद्यार्थियों में दिखी आत्मविश्वास की झलक

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा, विचारशीलता और आत्मविश्वास की झलक स्पष्ट दिखी। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों, स्टाफ व अतिथियों के लिए स्मृति चिह्न एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज दीपक सिंह के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में नीलम तिवारी, साधना पटेल, रोली सिंह, संध्या सिंह, रीनू विश्वकर्मा, विनय नामदेव, अजीत नामदेव, जयसिंह, तौसीफ रजा, कमलाकर पटेल, दिलीप सिंह, राज सिंह, अजय वर्मा, राहुल मिश्रा, शेरबहादुर सिंह, आकाश, पारुल पाण्डेय, जया मिश्रा, बीके पाण्डेय आदि शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे। यह समारोह न केवल टॉपर्स की जीत का उत्सव था, बल्कि यह शिक्षा, सहयोग और समर्पण के उस साझा प्रयास की पहचान भी बनाए जो रॉयल पब्लिक स्कूल की परंपरा है।

# ट्रैक्टर की ट्राली चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीधी ( नि.प्र. )



भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर लगभग 6 लाख रूपए कीमती मशरुका जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी भुइमाड़ उनि डीडी सिंह के नेतृत्व में भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी गई ट्राली के साथ चोरी मे प्रयुक्त ट्रैक्टर का हेड जप्त किया है। पुलिस के अनुसार थाना भुइमाड़ में फरियादी मोहन सिंह पिता स्व. संरजू शरण सिंह निवासी मझौली टोला थाना भुइमाड़ जिला सीधी थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी ट्रेक्टर की ट्राली जो हमारे घर के बगल मे बजरंग बली मंदिर के पास खड़ी रहती थी। आज सुबह देखा तो नही था जिसको दिनांक 16 मई 2025 एवं 17 मई 2025 के दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है। जिसका पता तलास आस पडोस मे किया तो कही पता नहीं चला। मेरी पुरानी इस्तेमाली ट्राली की कीमत 50 हजार रुपये है। फरियादी के रिपोर्ट पर चोरी का मामला कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा थाना प्रभारी उनि डीडी सिंह एवं भुइमाड़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर चोर के बारे पता तलाश की गई जो दौरान विवेचना संदेही पंजाब सिंह पिता हीरालाल सिंह ग्राम कसइयां थाना सरई जिला सिंगरौली को हिरासत मे लेकर पूछ-ताछ की गई तो उसनें चोरी करना स्वीकार किया एवं बताया कि मै अपना ट्रैक्टर का इंजन लेकर जा रहा था था।

**कार्यक्रम** भविष्य में जल की सुनिश्चिता के लिए जन भागीदारी के माध्यम से करना होगा जल संरक्षण : संपतिया उईके

# 24 लाख से निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का प्रभारी मंत्री ने किया भूमि पूजन

सीधी ( नि.प्र. )






भविष्य मे जल की सुनिश्चिता हेतु हम सभी को जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण करना होगा। उक्त आशय का उद्गार जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके मंत्री माध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के द्वारा व्यक्त किया गया। विदित हो कि ग्राम पंचायत खिरमा में जल गंगा सवर्धन अभियान अंतर्गत 24 लाख की लागत से निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का भूमि पूजन प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके के मुख्य अतिथि में एवं राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह की अध्यक्षता में तथा सिंगरौली विधान सभा के विधायक राम निवास शाह, कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह के गरिमामय उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चन कर कार्य को मूर्त रूप दिया गया। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि जल से जीवन है और जल ही कल है जल संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है पिछले कुछ वर्षो में जल स्तर में गिरावट देखने को मिली है जिसके कारण जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके पूर्ति के लिए हम सब का दायित्व है कि अपने अपने क्षत्रों से संबंधित जल स्त्रोतो को चिन्हित कर इनकी साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करायें। वही राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने अपने उद्बोधन में प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुयें कहा कि आज सिंगरौली जिले में जन भागीदारी के माध्यम से जल स्त्रोतो तालाब, नदी, कुआ, बाव?ी आदि की साफ सफाई कराकर उनको पुर्नजीवित किया जा रहा है। साथ ही खेत तालाब अमृत सरोवरो के भी निर्माण कराये जा रहे है। उन्होने उपस्थित जन समूह को जल संरक्षण के लिए वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए सोकपिट, बोरी बंधन का कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम सुरेश जाधव, जिला पंचायत सदस्य गीता देवी, जनपद पंचायत चितरंगी के अध्यक्ष सिया दुलारी, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रावेन्द्र सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत खिरमा विद्यमान सिंह सहित भारी संख्या में आम जन मानस उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों का गंभीरता पूर्वक अधिकारी करे निराकरण : कलेक्टर

सीधी ( नि.प्र. )



सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों का गंभीरता पूर्वक समय सीमा के अंदर निराकरण किया जाना विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे। तथा राजस्व अधिकारी अपने अपने अनुभागो के अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरणो का अभियान चलाकर शत प्रतिशत निरकारण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा जिलाधिकारियों को दिया गया। कलेक्टर शुक्ला ने सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों एवं समाधान विंदु पर लंबित आवेदनों के निराकरण के प्रगति की जानकारी विभागवार लेने के पश्चात निर्देश देते हुयें कहा कि कुछ विभागीय अधिकारियों के द्वारा सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों के निराकरण में गंभीरता पूर्वक रूचि नही ली जा रही है जिसके कारण जिले की रैकिंग प्रभावित हो रही है। जो अत्यन्त ही खेदजनक है कलेक्टर ने क? निर्देश देते हुयें कहा कि लंबित शिकायतो का दो दिवस के अंदर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर अवगत कराए। साथ ही समाधान विंदु में लंबित आवेदन का भी समय पर निराकरण सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि यदि संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा लंबित शिकायतों का समय पर निराकरण नही किया गया गया जिले की रैकिंग प्रभावित होगी तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेंगी। कलेक्टर ने सीमांकन के लंबित प्रकरणो की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए।

# पार्किंग स्टैंड बनी कटनी स्टेशन रोड, आवागमन भी हो रहा मुश्किल

## अराजक यातायात से यात्री हो रहे परेशान, संकरी सड़क से गुजरना दुश्वार





कटनी ( ब्यूरो )

मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी की सड़क पार्किंग स्टैंड के रूप में तब्दील हो गई है। यहां सड़क के किनारे हो रही पार्किंग से स्टेशन जाने वाले यात्रियों व शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक सैकड़ा से भी अधिक दो पहिया वाहनों को सड़क किनारे खड़ा किया जा रहा है जिसके कारण चौराहे में अराजकता और जाम की स्थिति आम होती जा रही है। रेलवे स्टेशन के पहले दिलबहार चैक में सड़क के दोनों और दो पहिया वाहनों की पार्किंग कर दी जाती है। पार्किंग होने से चौराहे की सड़क सकरी हो जाती है जिसके कारण परेशानी हो रही है। स्टेशन आने वाले वाहन चालक स्टेशन स्टैंड में वाहन खड़ा करने की बजाय चौराहे में ही वाहनों की पार्किंग कर चले जाते हैं। सुबह से शाम तक चौराहे में वाहनों की पार्किंग रहती है। लेकिन कोई कार्रवाई ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ नहीं की जा रही है।

### आटो और ई-रिक्शा चालक भी कर रहे मनमानी

दो पहिया वाहनों की पार्किंगग के अलावा ऑटो और ई-रिक्शा चालक भी यहां पर सवारी के इंतजार में घंटों खड़े रहते हैं। चौराहे में सवारियों इंतजार में लगभग आधा दर्जन ऑटो रिक्शा खड़े रहते हैं जिसके कारण चौराहे ऑटो स्टैंड में तब्दील होता जा रहा है। बावजूद इसके यातायात पुलिस कार्रवाई नहीं करती है।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

कटनी ( ब्यूरो )

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार, प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो चुकी है। इसी कड़ी में शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी ने भी प्रवेश प्रक्रिया के लिए अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। यह महाविद्यालय कटनी जिले की छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र है, जो कला, विज्ञान, वाणिज्य और गृहविज्ञान संकायों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करता है। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी की विशेषता यह है कि यह जिले का एकमात्र ऐसा महाविद्यालय है, जहां गृहविज्ञान संकाय उपलब्ध है। इस संकाय में छात्राएं स्नातक उपाधि प्राप्त कर अपने करियर को नई दिशा दे सकती हैं। गृहविज्ञान के पाठ्यक्रम में खाद्य और पोषण, वस्त्र डिजाइन, पारिवारिक संसाधन प्रबंधन जैसे विषय शामिल हैं, जो छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हैं। इसके अतिरिक्त, कला संकाय में इतिहास, समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, विज्ञान संकाय में जीवविज्ञान, रसायनशास्त्र, गणित, और वाणिज्य संकाय में लेखांकन, व्यवसाय प्रबंधन जैसे विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। स्नातकोत्तर स्तर पर भी विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रम संचालित हैं, जो छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करते हैं। महाविद्यालय में प्रवेशित छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए एनसीसी, एनएसएस, बस सुविधा, जिम, सुविधा और क्रीड़ा जैसी




सुविधाएं उपलब्ध हैं। एनसीसी और एनएसएस के माध्यम से छात्राएं नेतृत्व, सामाजिक सेवा और अनुशासन जैसे गुणों का विकास कर सकती हैं।

क्रीड़ा गतिविधियों में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स आदि शामिल हैं, जो शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं। इसके साथ ही, मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के लिए निर्धारित छात्रवृत्ति योजनाएं भी महाविद्यालय के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। ये छात्रवृत्तियां छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी शिक्षा को सुगम बनाती हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने सभी इच्छुक छात्राओं और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में अनुभवी शिक्षक, आधुनिक शिक्षण सुविधाएं और सुरक्षित परिसर उपलब्ध है, जो छात्राओं के लिए एक आदर्श शिक्षण वातावरण प्रदान करता है। प्रवेश नोडल अधिकारी के.जे. सिन्हा ने भी एमपी, सीबीएसई एवं अन्य बोर्ड से 12 वीं उत्तीर्ण छात्राएं महाविद्यालय में अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश ले। प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए उच्च शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट अथवा महाविद्यालय परिसर में स्थित हेल्प सेंटर से संपर्क किया जा सकता है। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी न केवल शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि छात्राओं को आत्मविश्वास, कौशल और नैतिक मूल्यों से भी समृद्ध करता है। यह संस्थान छात्राओं को समाज में सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# टूटे पड़े स्ट्रेचर और बेंच

## जिला अस्पताल में नहीं सुधर रहीं व्यवस्थाएं

कटनी ( ब्यूरो ) जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के नाम पर जमकर मनमानी हो रही है। कदम.कदम पर अव्यवस्था का आलम है। यहां पहुंचने वाले मरीजों को मर्ज के साथ असुविधाओं का भी दर्द सहना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए मिलने वाले स्ट्रेचर अक्सर खराब रहते हैं। रविवार को यहां पर स्ट्रेचर टूटा हुआ पड़ा रहा। समय पर मरम्मत व बेहतर स्ट्रेचर रखवाने के लिए प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। इसी प्रकार जिला अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों को बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। ओपीडी के बाहर टूटी बेंच पड़ी हैं। बाहर मरीज कतार में लगकर परेशान हो जाता है। सोनोग्रॉफी सेंटरए एक्सरे सेंटरए ब्लड जांचए हड्डी रोग संबंधी जांचए मनोरोग ओपीडीए महिला रोगए बच्चा रोग आदि ओपीडी के बाहर पर्याप्त बेंच



कुर्सियां नहीं हैंए जिससे मरीजों को भारी परेशानी हो रही है।

# केसरिया हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष बने धर्मेन्द्र गर्ग

कटनी ( ब्यूरो )



केसरिया हिंदू वाहिनी संगठन के संस्थापक अतुल मिश्रा व घनश्याम जोशी के परामर्श से व्यवसायी एवं समाजसेवी धर्मेन्द्र गर्ग को केसरिया हिंदू वाहिनी मुख्य प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद धर्मेन्द्र गर्ग ने कहा कि संगठन ने जो मुझ पर विश्वास कर जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर में खरा उतरने का प्रयास करूंगा व संगठन को मजबूत करने के लिए काम करता रहूंगा।

# बाकल, बहोरीबंद, रीठी और स्लीमनाबाद में शव सुरक्षित रखने में अब न होगी परेशानी

कटनी ( ब्यूरो ) बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी, बहोरीबंद और स्लीमनाबाद के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाकल में डेड बॉडी फ्रीजर की सुविधा मिली है। जिससे अब इन क्षेत्र के लोगों को आकस्मात स्थितियों में कटनी या सिहोरा की ओर नहीं देखना पड़ेगा। अनेकों बार विषम स्थितियों से जूझने के कारण लोगों ने विधायक प्रणय पांडेय के समक्ष यह मांग रखी थी। रोगी कल्याण समिति की बहोरीबंद की बैठक में इस विषय के सामने आने पर विधायक प्रणय पांडेय ने चार अस्पताल बहोरीबंद, रीठई, स्लीमनाबाद और बाकल में अपने निजी व्यय से डेड बॉडी फ्रीजर देने की घोषणा की थी। जिस पर अमल कर विधायक ने अपनी निजी राशि खर्च कर अस्पतालों को बॉडी फ्रीजर उपलब्ध करा दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. पीयूष



अग्रवाल, दीपू शुक्ला, लोकेश व्यवहार, सुनील गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी, कृष्णकुमार पटेल, नीलेश जैन, उम्मेद यादव, मुकेश गर्ग, सुरेन्द्र सोनकर, नंदकिशोर पटेल आदि की उपस्थिति रहीं।

# छोटे-छोटे बच्चों ने सीखीं खेल की बारीकियां

## बैडमिंटन हॉल में ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण, खेल के प्रति दिख रहा उत्साह

कटनी ( ब्यूरो )

शहर के माधवनगर स्थित बैडमिंटन हॉल में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को बैडमिंटन की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। यह प्रशिक्षण अनुभवी कोच आलोक जोशफ द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से बच्चों को खेल की बारीक तकनीकें और नियम समझाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण सत्र में शामिल हो रहे छोटे-छोटे बच्चों में खेल के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कोच आलोक जोशफने



बताया कि बच्चों को शुरुआत से ही रैकेट पकड़ने की सही तकनीक, फुटवर्क, सर्व और स्मैश जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, शारीरिक फिटनेस विकसित करना और भविष्य के लिए उन्हें प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। कोच जोशफ ने बताया कि नियमित अभ्यास और तकनीकी मार्गदर्शन से बच्चे बेहतर प्रदर्शन करने लगते हैं और कई बच्चे जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। यह ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण न केवल खेल कौशल को निखार रहा है, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास और अनुशासन में भी वृद्धि कर रहा है।

# लघु उद्योग भारती कटनी की इकाइयों का पुनर्गठन

कटनी ( ब्यूरो )

लघु उद्योग भारती, जिला कटनी की सभी पांच इकाइयों का पुनर्गठन गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन शहर के प्रतिष्ठित होटल अरिंदम में आयोजित किया गया, जिसमें संभागीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिले के 150 से अधिक उद्यमी उपस्थित रहे। पुनर्गठन के अंतर्गत निम्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। शहरी एवं मंडी क्षेत्र इकाई: अध्यक्ष- अमित सिंघई, सचिव- नीलेश विश्वकर्मा, लमतरा इकाई: अध्यक्ष- समीर सेठिया, सचिव- अंकित गोयल, बरगवां- अमकुही इकाई: अध्यक्ष- राजकुमार आसरानी, सचिव-





मनीष सिंघानी, माधवनगर औद्योगिक क्षेत्र इकाई: अध्यक्ष- अशोक चेनानी, सचिव- रॉकी राजपालानी, महिला इकाई: अध्यक्ष- नीति ठाकुर, सचिव- श्वेता सिंह इस अवसर पर लघु उद्योग भारती प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी ने सभी नव-नामित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संगठन में प्रत्येक दो वर्ष में अखिल भारतीय स्तर पर पुनर्गठन की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जो पारदर्शिता एवं सर्वसम्मति के सिद्धांतों पर आधारित होती है। लघु उद्योग भारती में चुनाव नहीं, बल्कि मनोनयन प्रक्रिया के माध्यम से दायित्वों का निर्धारण किया जाता है। कार्यक्रम में महाकौशल संभागीय अध्यक्ष अनिल वासवानी, संभागीय सचिव हरिसिंह भदौरिया, तथा सह-सचिव मुरलीधर रतनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन केसरी द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। लघु उद्योग भारती सदैव उद्यमिता के विकास, उद्योग जगत के सशक्तिकरण तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है।

# 2 जून से 9 जून तक होगी पांचवीं व आठवीं की परीक्षा

## राज्य शिक्षा केंद्र ने घोषित की परीक्षा की समय-सारणी

कटनी ( ब्यूरो ) राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुन: परीक्षा की संशोधित समयसारणी जारी कर दी गई है। पहले जारी कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अब यह परीक्षाएं 2 जून से 9 जून के बीच आयोजित की जाएंगी। यह निर्देश सभी जिलों के कलेक्टरों को भेज दिए गए हैं, जिसमें कटनी जिला भी शामिल है। डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी ने बताया कि कक्षा पांचवी की परीक्षा समय सारणी के अनुसार 2 जून को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी, 3 जून को गणित या दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए संगीत, 4 जून को पर्यावरण अध्ययन, 5 जून द्वितीय भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी प्रथम भाषा अनुसार, 6 जून को अतिरिक्त



भाषा हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी का पेपर होगा। कक्षा 8वीं की समय सारणी के अनुसार 2 जून को प्रथम भाषा, 3 जून को गणित या संगीत दृष्टिबाधितों के लिए, 4 जून विज्ञान, 5 जून सामाजिक विज्ञान, 6 जून द्वितीय भाषा 9 जून, तृतीय भाषा संस्कृत, हिंदी, उर्दू, मराठी, उड़िया, पंजाबी, गुजराती का पेपर होगा। परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होंगी। दिव्यांग छात्रों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा दी जाएगी। साथ ही, यदि किसी छात्र ने प्रथम भाषा के रूप में उर्दू, मराठी का चयन किया है, तो तृतीय भाषा के रूप में हिंदी चुनना अनिवार्य होगा। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा अवधि में कोई स्थानीय अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

# समग्र ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य 31 मई तक पूरा करने के दिए निर्देश

कटनी ( ब्यूरो )

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अमृत सरोवर, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, समय-सीमा पत्रों, समग्र ई-केवाईसी, ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए राज्य शासन द्वारा हाल ही में जारी स्थानांतरण नीति के निर्देशों के अनुरूप विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमृत सरोवर योजना की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में राज्य शासन द्वारा नई स्थानांतरण नीति के तहत सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने यहां पदस्थ सभी कर्मियों की डाटा एवं सूची तैयार करें। जिसमें कर्मचारी कब से पदस्थ हैं उसका भी उल्लेख हो। कलेक्टर ने कहा कि शारीरिक अस्वस्थ्यता के आधार पर स्थानांतरण चाहने वाले कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। बैठक में कलेक्टर ने फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन एवं समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए कहा कि ये दोनों कार्य





31 मई तक पूर्ण किए जायें। उन्होंने कैंप लगाकर फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी कार्य में नगर निगम को अत्यंत कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अभियान चलाकर इस कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी।

**3 सीएमओ को नोटिस जारी**- कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं पाये जाने पर जिले के 3 नगर परिषदों क्रमश: कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समग्र ई-केवाईसी कार्य में व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य संपादन के निर्देश दिए।

ई-ऑफिस के तहत कार्य में लायें तेजी

कलेक्टर ने जिले के कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग नस्तियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के तहत करें। उन्होंने सहायक संचालक मत्स्य पालन, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रए मध्यप्रदेश वेयरहाउस कॉर्पोरेशन, मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली में रूचि नहीं लेने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया और अगले सप्ताह तक ई-ऑफिस प्रणाली से नस्तियों का परिचालन करने की हिदायत दी।

**ऑनलाईन प्रेषित हो रही डाक**- बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं सहित 55 जिला स्तरीय कार्यालयों को जहां ई-ऑफिस प्रणाली लागू हो गई है, वहां के कार्यालय से संबंधित डाक और पत्र ऑनलाइन स्कैन करके सभी विभागों को भेजा जा रहा है। कलेक्ट्रेट में ऑनलाइन डाक भेजने की व्यवस्था शुरू हुए तकरीबन 10 दिन हो चुका है।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर ने प्रदेश में वन विभाग, शिक्षा विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समेत प्रदेश में खराब रैंकिंग वाले सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभागों को अपनी प्रगति में वांछित सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इन सभी विभागों की शिकायतों के निराकरण में रूचि न लेने की वजह से राज्य शासन द्वारा जारी की जाने वाली रैंकिंग में जिले की स्थिति प्रभावित होती है, इसलिए सभी विभाग शिकायतों का समाधानकारक निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी पहल करें। उन्होंने विभागों द्वारा शिकायतों के निराकरण में कोताही बरतने एवं लंबे समय से शिकायतों को पेंडिंग मे रखने की प्रवृत्ति पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस स्थिति में सुधार लाएं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला श्रम अधिकारी केवी मिश्रा, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आरके सोनी, कार्यपालन यंत्री पीएचई कालू सिंह डामोर, सभी एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे।

## संपादकीय

# कहने का मौका क्यों दिया जाए कांग्रेस को

राजनीति में नेता,मंत्री व सरकार की कोशिश होती है कि विरोधी दल को कुछ कहने का मौका क्यों दिया जाए, खासकर किसी अधूरे काम को लेकर। विरोधी दल तो अधूरा काम पूरा करने पर इसे पैसों की बरबादी कहेगा और पूरा नहीं करने पर कहेगा कि दो दो बार सरकार बनने के बाद भी भाजपा एक अधूरा काम पूरा नहीं करा सकी। अक्सर जब भी कोई चुनाव आता है तो याद किया जाता है कि किस दल ने क्या काम कराने को कहा था और पूरा नहीं कराया, किस सरकार के समय का कौन सा काम अधूरा है और उसे पूरा क्यों कराया जा रहा है।काम पूरा हो जाता है इसका श्रेय विधायक,मंत्री व सरकार को जाता है कि इसने एक कार्यकाल में कोई काम पूरा नहीं करा सके तो दूसरे कार्यकाल में उसे पूरा कराया। यानी भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। ऐसा ही एक काम था रमन सिंह के समय किया गया बकाया बोनस का वादा। इसकी याद कांग्रेस नेता याद दिलाया करते थे।इसके आधार पर कांग्रेस कहा करती थी कि भाजपा ने एक वादा पूरा नहीं किया। इसलिए जब भाजपा की सरकार दोबारा बनी तो किसानों को बकाया बोनस तीन हजार करोड़ से ज्यादा दिया गया और भाजपा पर लगे वादाखिलाफी के लगे दाग को मिटा दिया गया था।तीन हजार करोड खर्च हुए तो क्या भाजपा का वादा तो पूरा हुआ, भाजपा का दाग तो मिट गया। स्काई वाक भी रमन सरकार के समय की महत्वाकांक्षी योजना थी। क्योंकि यह बन जाता तो इसे रमन सरकार की एक उपलब्धि के रूप में देखा जाता। स्काई वाक 17 में शुरू हुआ और भूपेश सरकार के आने के बाद इस पर रोक लगा दी गई। भूपेश सरकार ने इसे बेकार का खर्च मानकर इसे जस का तस रहने दिया। न इसे बनवाया और न ही इसे तुडवाया। क्योंकि दोनों हालत मे पैसा खर्च होता और भूपेश सरकार भाजपा सरकार की योजना पर कोई पैसा खर्च नहीं करना चाहती थी। वह इसे पूरा कराती तो इसका श्रेय भाजपा ले जाती, इसे पूरा नहीं कराती तो भी भाजपा आलोचना करती। रायपुर के अधूरे स्काईवाक को पूरा कराने के लिए पांच साल बाद सही आदेश व पैसा जारी होने के बाद भाजपा व कांग्रेस में इसे लेकर राजनीति फिर शुरू हो गई है।

## आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में गहराई और अपनापन आपको महसूस होगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेगी। आज खर्चो की अधिकता रहेगी।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा।

सिंह राशि: आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही में सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे।

तुला राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम अच्छा चलेगा।

## भारतीय नागरिक अपनी संस्कृति को छोड़ता नहीं

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में सनातन हिन्दू धर्म तो अनादि एवं अनंत काल से चला आ रहा है परंतु बाद के खंडकाल में भारत में कई अन्य प्रकार के मत पंथ भी विकसित हुए। जैसे बौद्ध, जैन, सिख धर्म आदि। ये विभिन्न मत, पंथ मूलतः सनातन हिन्दू संस्कृति का अनुपालन करते दिखाई देते हैं और कहा जाता है कि यह समस्त मत, पंथ सनातन हिन्दू धर्म की विभिन्न धाराएं ही हैं। बौद्ध धर्म की उत्पत्ति भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के आधार पर हुई। जैन धर्म में अहिंसा, आत्म संयम, सत्य एवं ईमानदारी पर अधिक जोर दिया जाता है। सिख धर्म ईर में विश्वास, सेवा, समानता एवं सत्यनिष्ठा पर आधारित है। सनातन हिन्दू संस्कृति को विश्व की अति प्राचीन संस्कृति के रूप में देखा जाता है। भारतीय सनातन हिन्दू संस्कृति में अध्यात्म का विशेष महत्त्व है जिसके अंतर्गत 'वसुधैव कुटुंबकम', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय', 'विश्व का कल्याण हो', 'किसी भी जीव का अहित न हो' जैसे भावों पर अमल का प्रयास किया जाता है। भारत में चूंकि मनुष्य के साथ-साथ जीव-जंतुओं, नदियों, पहाड़ों, पेड़-पौधों एवं जंगलों आदि में भी ईर का वास माना जाता है, इसलिए किसी भी जीव को कोई क्षति न हो इस भावना को न केवल को बढ़ाया जाता है, बल्कि इस पर अमल भी किया जाता है। इसीलिए भारत मूलतः शांतिप्रिय देश माना जाता है। सनातन हिन्दू संस्कृति के ग्रंथों, उपनिषदों आदि द्वारा काम, कर्म एवं अर्थ को धर्म के साथ जोड़ कर ही संपन्न करने के उपदेश दिए जाते हैं। महाभारत में वेद व्यास जी ने धर्म के आठ तरीके बताए हैं- (1) यज्ञ-जिसका आश्य है कि ऐसा कर्म जो समाज के लाभ के लिए किया जाता है, (2) दान-समाज की सहायता करना, (3) तप-अर्थात स्वयं में सुधार करते रहना, स्वयं का मूल्यांकन करना तथा नकारात्मक गुणों को दूर कर सकारात्मक गुणों का विस्तार करना, (4) सत्यम-सत्य के मार्ग पर चलना, (5) क्षमा-दूसरों तथा स्वयं को गलतियों के लिए क्षमा करना, (6) दंभ -इंद्रियों को वश में रखना, (7) आलोभ-लालच नहीं करना एवं लालच में न आना, तथा (8) अध्ययन-स्वयं और दुनिया का अध्ययन करना। सनातन हिन्दू धर्म एवं भारत में उत्पन्न मत-पंथों के अनुयायी सामान्यतः धर्म के उक्त वर्णित आठ तरीकों पर चलने का प्रयास करते पाए जाते हैं। विश्व के अन्य देशों में विकसित मत-पंथों का अनुसरण करने वाले नागरिक भी भारत में निवास करते हैं जैसे यहूदी, ईसाई एवं इस्लाम के अनुयायी, आदि। इन मत-पंथों को सेमेटिक रिलिजन की श्रेणी में रखा जाता है क्योंकि इनकी साझा उत्पत्ति एवं कुछ सामान्य अवधारणाएं होती हैं, जैसे एक ही ईर में विश्वास, नैतिकता एवं कर्मकांड। यहूदी धर्म एक धर्म ग्रंथ (ताल्मुद) पर आधारित है। इस धर्म ग्रंथ में यहूदी लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया है। यहूदी धर्म सेमेटिक धर्म की श्रेणी में आता है क्योंकि इसमें एक ईर (येहव) में विश्वास, अनुष्ठान एवं नैतिक नियमों का पालन किया जाता है।

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वतः तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है। तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है।

तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है।

पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है।

पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है।

# आतंकवाद के खिलाफ जंग भारत की रणनीति यथावत

**अरविंद कुमार सिंह**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भरोसा देने का प्रयास किया है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत की रणनीति यथावत है। भारतीय सशस्त्र सेना, खुफिया एजेंसी और वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए उन्होंने उनके सामर्थ्य और संयम का जिक्र किया। हर भारतवासी की तरफ से उनको सैल्यूट किया। इस बात का भी खास तौर पर उल्लेख किया कि भारत कोई भी परमाणु ब्लैकमेल नहीं सहेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ही नहीं, पूरे विश्व को संबोधित करने के लिए उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा का दिन चुना और नपे तुले शब्दों के साथ भगवान बुद्ध के शांति के मार्ग का उल्लेख कर यह कहना नहीं भूले कि स्थायी शांति के लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है। यह दौर युद्ध का नहीं है, पर आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस है। पाकिस्तान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके साथ बात होगी तो आतंकवाद और पीओके पर ही होगी। पाकिस्तानी फौज आतंकवाद को खाद-पानी दे रही है, जो एक दिन पाकिस्तान की समाप्ति का कारक बनेगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने आतंकियों को विदाई देते पाकिस्तानी सेना के बड़े अफसरों को देखा। राज्य प्रायोजित आतंकवाद को देखा। प्रधानमंत्री ने मेड इन इंडिया हथियारों पर मुहर लगा कर कहा कि हम हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ अब राष्ट्रीय नीति है, जिसमें नया पैमाना तय है। मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ के संपर्क किया तब तक हम आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अधिकतर वही बातें कहीं जो डीजीएमओ विस्तार से रख चुका था पर असली सवाल इस प्रकरण में



अमेरिका के पंच बनने के प्रयास से जुड़ा है। संघर्ष विराम के पहले अमेरिकी राष्टपति ने जो घोषणा की वह किसी के गले नहीं उतरी। इसी तरह प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के पहले अमेरिकी राष्टपति ट्रंप ने कह दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम अमेरिका ने कराया। तभी से सवाल उठा कि अमेरिकी दबाव हमने माना क्यों। इस मौके पर विपक्षी दल एकजुटता के साथ सरकार के साथ रहे। हमारी बहादुरी फौज ने कई आतंकी ठिकानों को इस तरह ध्वस्त किया कि पाकिस्तान के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा लेकिन हमारी कूटनीति अपेक्षित सफल नहीं रही। तीसरे पक्ष ने हस्तक्षेप किया तो उसकी मध्यस्थता स्वीकार करने के पहले संसदीय फोरम पर संवाद होता या सर्वदलीय बैठक होती तो सवाल कम उठते। लेकिन बातें इतनी ही नहीं हैं, लड़ाई के बीच में पाकिस्तान को आईएमएफ से भारी रकम मिलना भी कूटनीतिक नाकामी है। ऐसे समय में जब सभी दल, सभी विचारधारा, 140 करोड़ लोग सरकार के साथ खड़े थे तो परदे के पीछे बहुत कुछ चल रहा था। बेहतर होता कि संसद का विशेष सत्र बुला कर सैनिकों का हौसला बढ़ाने के साथ पाकिस्तान के खिलाफ प्रस्ताव पारित होता। ऐसा पहले भी हो चुका है। इससे पूरे देश में अच्छा संदेश जाता। इस मंच पर राजनीति नहीं होती और सभी दल एक स्वर से जो बोलते, विश्व समुदाय उसे सुनता। 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम घटना के बाद देश भर में जो जनाक्रोश फैला था वह एक हद तक कम तो हुआ पर उनके भीतर अभी भी संतोष नहीं क्योंकि इसका अपेक्षित प्रतिकार नहीं हो सका। सरकार ने आरंभिक कदम सोच-विचार कर उठाया और तमाम बैठकों के साथ दो सर्वदलीय बैठक भी बुलाई। उनमें प्रधानमंत्री शामिल नहीं हुए। देश में नागरिक सुरक्षा के लिए मार्क ड्रिल हुआ तो लोगों को लगा कि अब पाकिस्तान को करारा सबक मिलेगा। पाकिस्तान के 16 चैनलों और कई यूटयूबरों पर भी गाज गिरी। सिंधु नदी का पानी रोकने का फैसला हुआ जो 1965 और 1971 में भी नहीं हुआ था। पर पूरे प्रकरण के पटाक्षेप के बाद जरूरी हो गया है कि हमारे नीति निर्माताओं को अमेरिका के साथ कड़े शब्दों में संवाद की जरूरत है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्टपति बनने के बाद से कई खट्टे मीठे अनुभव भारत को मिले हैं। अतीत में अमेरिका पाकिस्तान का सबसे बड़ा मददगार रहा है। भारत जब भी सैन्य तैयारी में कुछ ठोस करने में लगा तो अमेरिका ने विरोध किया। इंदिरा गांधी ने जब 1974 में पहला परमाणु परीक्षण कराया तो विरोध किया। 1971 के युद्ध में विरोध किया। अब वह भारत को अपना उपनिवेश बनाने की सोच पाले है, ऐसी बातें उठ रही हैं। इस बार भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकी तंत्र को सटीक एयरस्ट्राइक के साथ हिला कर रख दिया था।

# खुद को बदल डालो, तुम औरों को नहीं बदल सकते

**- नरेंद्र भारती**

एक विद्वान ने कहा था की खुद को बदल डालो तुम औरों को नहीं बदल सकते यह अटल सच्चाई है और आधुनिक समय के हालातों पर सटीक फिट हो रही है। दुनिया में प्रत्येक मानव के अपने- अपने विचार हैं अपनी- अपनी संगत है अपने =अपने दायरे हैं अपनी अपनी खुशी है आदमी खुश रहना चाहिए। इंटरनेट की दुनिया में सब मस्त हैं चौबीस घंटे व्यस्त हैं। ग़लत काम के लिए वक़्त ही वक़्त है अच्छे काम के लिए वक़्त नहीं है। आज संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है। इंटरनेट की दुनिया ने सबको विद्वान् बना दिया है हर आदमी हरफ़नमोला बन चूका है। अपने से बड़ों का अपमान किया जा रहा है निरादर किया जा रहा है यह बहुत ही त्रासदी है। अहंकार हावी हो चूका है और मानव अहंकारी बनता जा रहा है। एक दूसरे को नीचा दिखाना मानव की फितरत बन चुकी है। ख़ूनी रिश्तों में बढ़ता संक्रमण बहुत ही घातक होता जा रहा है और नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी बनती जा रही है द्यनैतिक मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है व ख़ूनी रिश्तों का आस्तित्व खत्म होता जा रहा है,नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी है समय रहते इस त्रासदी को रोकना होगा समाज को मंथन करना होगा तभी नैतिक मूल्यों की गिरावट रुक सकती है। अक्सर देखा गया है की नई पीढ़ी नैतिक मूल्यों को भूलती जा रही है द्य नैतिक मूल्यों का ह्रास बहुत ही चिंतनीय है बुद्धिजीवी वर्ग को समय रहते मनन करना होगा वरना बहुत देर हो जाएगी द्य आधुनिक मानव स्वार्थी होता जा रहा है खून के रिश्तों को तोड़ रहा है और गैरों को अपना बना रहा है द्य रिश्तों की बुनियाद हिलती जा रही है और जर्जर हो चुकी है दीवार का एक पत्थर भी निकल जाये तो दीवार कभी भी ढह सकती है और रिश्ते दफन हो सकते हैं द्यरिश्तों की दशा अब दुर्दशा में बदलती जा रही हैद्य मानव निजी हितों के लिए अनैतिक आचरण कर रहा हैद्य यह बहुत ही घातक है। जर,जोरू,जमीन के लिए रिश्तों का खून बहाया जा रहा है परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं जमीन के टुकड़े के लिए एक दूसरे के प्यासे हो चुके हैं । भाईचारा खत्म होता जा रहा नफ़रत के बीज बोये जा रहे हैं रिश्तों की दीवारें दरक रही हैं और नफ़रत की दीवारें खड़ी होती जा रही हैं। रिश्तों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है असंतोष पनपता जा रहा है रिश्तों में गहरी खाइयाँ होती जा रही हैंद्य विश्वास टूट रहे हैं अविश्वास बढ़ता जा रहा है । रिश्तों की मिठास खत्म हो रही है रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती जा रही है द्य रिश्तों के बंधन टूट रहे हैं खून के रिश्तों में गांठे पड़ती जा रही हैं द्य नैतिक मूल्य नष्ट होते जा रहे हैं । रिश्तों की माला बिखर रही है माला के मनके इधर उधर बिखर रहे हैं । ख़ूनी रिश्ते गुमशुदा व गुमनाम होने लगे हैं कुछ रिश्ते लापता हो चुके हैं लापता होचुके रिश्तों को ढूंढ़ना होगा। रिश्तों की वर्णमाला के अक्षर भी आगे पीछे हो चुके हैं। रिश्तों की इबारतें भी बदल चुकी हैं। गलतफहमी ने भी रिश्तों को तोड़ा हैं टूट चुके रिश्तों को जोड़ना चाहिए ताकि रिश्तों की जड़े सदैव हरी रहे अहंकार के कारण रिश्ते बिखर रहे हैं। माया के मोहजाल में फंस चूका मानव आज भटक चूका है माया में अंधा हो चूका है पथभ्रष्ट हो चूका है संवेदना,करुणा,मानवता नाम की कोई चीज नहीं है एक दूसरे को नीचे गिराने के लिए अनैतिक कार्य कर रहे हैं। रिश्ते असुरक्षित होते जा रहे हैं डरावने होते जा रहे हैं भय का वातावरण बन चूका है द्य रिश्तों के सिद्धांत बदलते जा रहे हैं परिभाषा बदल चुकी है रिश्ते मतलबपरस्त होते जा रहे हैं द्य नेकी व भलाई व अच्छाई खत्म होती जा रही है और बुराई का बोलबाला बढ़ता जा रहा है द्य रिश्तों में ग्रहण लग गया है एक दूसरे का अच्छा नहीं देख सकते। ईर्ष्या पनप रही है नतीजन सगे रिश्तों के सुख दुःख में शामिल नहीं होते केवल मात्र औपचारिकता निभाई जा रही है द्य चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते टूट रहे हैं द्य रिश्तों की मशाल बुझती जा रही है द्य रिश्तों में बिखराव बड़े पैमाने पर बढ़ता जा रहा है द्य रिश्ते अर्थहीन होते जा रहे हैं द्य रिश्तों का स्वरूप बिगड़ चूका है द्य समाज को इस पर समीक्षा करनी होगी द्य रिश्तों में बढ़ती दूरियों को पाटना होगा एक सेतु बनाना होगा बिखर चुके रिश्तों को समेटना होगा ताकि रिश्तों की मशाल निर्बाध रूप से जलती रहे द्य बिखर चुके रिश्तों को संग्रहीत करना होगा नफ़रत के बीजों को नष्ट करना होगा।

# नेताओं के बिगड़े बोल से आहत होती राष्ट्रीयता

**- ललित गर्ग**

सेना के शौर्य पर सम्मान की बजाय अपमान के बिगड़े बोल को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ जाना स्वाभाविक है। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर ब्योमिका सिंह के संबंध में क्रमश: मंत्री विजय शाह और सपा महासचिव राम गोपाल यादव द्वारा की गई टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद और कानूनी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बड़ा प्रश्न है कि क्या धर्म और जाति के नाम पर वोट के लिए सेना और सेना से जुड़ी बेटियों के सम्मान को चोट पहुंचाई जाना उचित है? चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वाणी का संयम अपेक्षित है। भारतीय राजनीति में बिगड़े बोल, असंयमित भाषा एवं कड़ावपन की मानसिकता चिन्ताजनक है। ऐसा लगता है ऊपर से नीचे तक सड़कछाप भाषा ने अपनी बड़ी जगह बना ली है। यह ऐसा समय है जब शब्द सहमे हुए हैं, क्योंकि उनके दुरूपयोग की घटनाएं लगातार जारी हैं।

जब देश पहलगाम की त्रासद घटना एवं उसके बाद पाकिस्तान से बदला लेने की शौर्य की महत्वपूर्ण घटना के मोड़ पर खड़ा है, तब कुछ नेताओं के बिगड़े बोल बहुत दुखद और निंदनीय हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की



विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं । देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए। नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, अनुशासन एवं संयम हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। युद्ध जैसे माहौल में सेना एवं उसके नायकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनके साहस एवं पराक्रम पर छींटाकशी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। यह चिंताजनक है कि इधर के वर्षों में कुछ भी बयान दे देने की बुरी आदत बढ़ रही है। बिगड़े बोल वाले नेता बेलगाम हो रहे हैं। कोई दो राय नहीं कि पहले राजनीतिक दलों और उसके बाद सरकारों को इस मोर्चे पर अनुशासन एवं वाणी संयम का बांध बांधना चाहिए । विजय शाह करीब आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, मतलब, अनुभवी नेता हैं, तो क्या वह चर्चा में रहने के लिए बिगड़े बोल का सहारा लेते हैं? सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते, तो मामला इतना नहीं बढ़ता। विजय शाह का मामला थमा भी नहीं है कि मध्य प्रदेश के ही उप- मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी बिगड़े बोल को अंजाम दे दिया है। उनका मानना है कि देश की सेना प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक है। वास्तव में, ऐसी गलतबयानी से किसी के भी सम्मान में वृद्धि नहीं होती है। देश अभी-अभी एक संघर्ष से निकला है। यह एकजुटता और परस्पर समन्वय बढ़ाने के लिए संभलकर बोलने का समय है। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले बोल की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है, सेना का मनोबल प्रभावित हो रहा है, बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। राजनेताओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ बोलों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। यह आज के अनेक नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार एवं नशा है?

## संक्षिप्त समाचार

### राठौर क्षत्रिय समाज ने दिया ज्ञापन



**विदिशा।** राठौर क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने समाज के वीर योद्धा राजा दुर्गा दास राठौर की प्रतिमा को हाईवे बाईपास के चौड़ीकरण के चलते वहां से हटाए जाने के 6 महीने बाद भी दूसरे स्थान पर स्थापित न करने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होंने महाराजा दुर्गादास राठौड़ की जयंती के पहले मूर्ति को किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

### अहिरवार समाज के शादी समारोह में हुई मारपीट, कई घायल



**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हांसुआ रोड पर स्थित बरखेड़ा कछुआ गांव में 2 दिन पहले शादी समारोह आयोजित किया गया था। अहिरवार समाज में आयोजित कार्यक्रम के बाद रविवार की देर रात शादी के दौरान हुई किसी बात को लेकर मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष ने बताया कि दूसरे पक्ष की ओर से एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने लाठी डंडों और हथियारों से लैस होकर परिवार के अन्य सदस्यों को घरों में घुसकर मारपीट की। इस मारपीट में एक पक्ष के 7 लोगों के घायल होने की बात कही गई है। हालांकि पुलिस की ओर से इस मामले में बयान सामने नहीं आ पाया है। बताया गया कि दूसरे पक्ष से भी 6 लोग घायल हुए हैं। विवाद की वजह क्या है यह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### भारत भक्ति यात्रा आज

**विदिशा।** मातृ शक्ति जागरण विदिशा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के उपलक्ष्य में आज 20 मई को शाम 4 बजे से भारत भक्ति यात्रा निकाली जाएगी जो नीमताल से तिलक चौक होते हुए माधवगंज पर समाप्त होगी। इस यात्रा में विदिशा नगर में समस्त संगठन, सभी समाज, सक्रिय और गृहणी हर प्रकार की महिलाएं एकत्रित होकर अपने देश की सेना के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव प्रकट करेंगी। मातृशक्ति जागरण मंच इकाई ने यात्रा में अधिक से अधिक मातृशक्तियों को सम्मिलित होने की अपील की है।

### सड़क किनारे सो रही मासूम को पुलिस ने मां तक पहुंचाया

**विदिशा।** 18-19 मई की दरमियानी रात करीब ढाई बजे डायल 100 एवं चाइल्ड लाइन भोपाल के माध्यम से निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परमार को सूचना प्राप्त हुई कि फरियादी की लगभग दो वर्षीय बालिका कहीं चली गई है एवं



लापता है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परमार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। रात करीब 11 बजे जब परिवार के सभी लोग सो चुके थे, तब फरियादी की बड़ी बेटी की नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी बहन पास में नहीं है। घबराकर उसने तुरंत माता-पिता को जगाया। आसपास ढूंढने पर भी बच्ची नहीं मिली। रात 2 बजे पुलिस को सूचना दी गई और 3 बजे ही थाना प्रभारी बासौदा शहर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। स्वयं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी मौके पर पहुंचे, गांव वासियों से संवाद किया और दिशा-निर्देश दिए। इस अभियान में 2 डीएसपी, 7 थाना प्रभारी, और 50 से अधिक पुलिसकर्मी रात भर घरों, खेतों, पगडंडियों और सड़कों पर ढूंढते रहे।

**मासूम मिली सुरक्षित:** मासूम बच्ची सुबह लगभग 6 बजे सड़क किनारे सोती हुई मिली। पुलिस ने तुरंत परिजनों से उसकी पहचान कराई। थाना बासौदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है।

---

जिनदेशना बाल संस्कार शिक्षण शिविर का समापन, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# जिनदेशना: बच्चों में शिक्षा और संस्कारों का किया बीजारोपण

नगर संवाददाता, विदिशा।



ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं धार्मिक संस्कारों से ओतप्रोत शिक्षा प्रदान करने की दृष्टि से सोनाबाई श्राविकाश्रम के तत्वावधान में श्री देव पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नवीन मन्दिर में आयोजित जिनदेशना बाल संस्कार शिक्षण शिविर का भव्य समापन समारोह अनेकानेक मांगलिक गतिविधियों के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमंत धर्मेन्द्र सेठ विशिष्ट अतिथि के रुप में जयेश मोदी, श्रीमंत हर्षिल सेठ एवं विशेष आमंत्रण पर पधारे विद्वान पं. विराग शास्त्री, जबलपुर एवं पं. अमित 'अरिहंत' उपस्थित रहे। बच्चों की कक्षाओं को संचालित करने पधारे विद्वान पं. मोहित शास्त्री (फुटेरा) एवं पं. आर्यन शास्त्री (मड़ावरा) भी मंचासीन रहे। 13 मई से संचालित सम्पूर्ण शिविर का प्रतिवेदन संयोजक प्रयंक शास्त्री के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिन्होंने बताया कि इस सम्पूर्ण शिविर में 100 से अधिक बच्चों की उपस्थिति रही एवं परीक्षा में 80 बच्चे सम्मिलित हुए।

समापन समारोह में मेधावी बच्चों के साथही शिविर में सम्मिलित सभी बच्चों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर श्रीमंत धर्मेन्द्र सेठ ने सबका आभार जताया। इस बाल शिविर में खुरई नगर के अतिरिक्त दिल्ली, मुम्बई, करेली, टीकमगढ़ आदि नगरों के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविरार्थी रचित जैन ने अपने अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोगों ने यहां पाप, कषाय, भक्ष्य-अभक्ष्य के साथ-साथ देव-शास्त्र-गुरु के बारे में जाना एवं दैनिक जिनेन्द्र पूजन के माध्यम से पूजन पद्धति को भी जानने का अवसर प्राप्त हुआ। इस प्रकार के शिविरों का आयोजन प्रति वर्ष प्रत्येक नगर में होना चाहिए; जिससे कि हमारी आगामी पीढ़ी संस्कारित हो सके।

#### बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- बालबोध भाग 1 में 45 बच्चों ने मौखिक एवं भाग 2 की लिखित परीक्षा में 35 बच्चों ने सहभागिता की। भाग 1 की परीक्षा में क्रमशः आरोही जैन प्रथम, रिद्धि जैन द्वितीय एवं पाखी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भाग 2 में क्रमशः अंशिका जैन ने प्रथम, यशस्वी जैन द्वितीय एवं राशि जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों की कक्षा के साथ ही संस्कृति को सुरक्षित करने की दृष्टि से जिनवाणी सज्जा प्रतियोगिता में नव्या जैन प्रथम, गुनगुन जैन द्वितीय एवं अंशिका जैन तृतीय स्थान पर रहीं तो वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में पाखी जैन प्रथम, रिद्धि जैन द्वितीय एवं पाश्वी जैन तृतीय स्थान पर रहीं।
- भेद-प्रभेद चार्ट प्रतियोगिता में यशस्वी जैन प्रथम, अंशिका जैन द्वितीय एवं नव्या जैन तृतीय स्थान पर रहीं।

---

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने किया नए आदेश का विरोध



**विदिशा।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा पिछले दिनों एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानों में उनके सहायक के रूप में महिला को ही रखने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के विरोध में सोमवार को विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों की ओर से कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि मुख्य सेल्समैन का काम महिलाएं कर रही हैं, लेकिन सहायक के रूप में पुरुष का होना आवश्यक है। भारी बोरियों को उठाने के लिए पुरुष की ही आवश्यकता होती है। साथ ही साथ उपभोक्ता के रूप में अधिकतर पुरुष ही राशन लेने आते हैं। ऐसे में उनसे सुरक्षा को लेकर भी पुरुष की आवश्यकता होती है। वहीं उन्होंने बताया कि खाद्यान्न खाली करने के लिए 300 रूपए दैनिक वेतन देना पड़ता है। कई दुकानों के कमीशन की राशि 6000 रूपए है और कई दुकानों की 10500 रूपए है जो आजीविका चलाने के लिए बहुत कम है।

---

आदिगुरु पर पथरिया में हुआ व्याख्यान

# शंकराचार्य जी का जीवन दर्शन आज भी पठनीय

नगर संवाददाता, विदिशा।

आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय सभागार पथरिया में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता पंडित रमाकांत पौराणिक ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी का जन्म केवल एक संत या दार्शनिक के रूप में नहीं



हुआ था, बल्कि वे भारतीय संस्कृति और आध्यात्म के पुनर्जागरण के प्रतीक थे।उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी ने मात्र 32 वर्ष के जीवनकाल में भारतवर्ष को एक अद्वितीय आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके द्वारा चार धामों में स्थापित मठ आज भी ज्ञान, साधना और भारतीय दर्शन के प्रमुख केंद्र हैं।÷अहम ब्रह्मास्मि÷ के विचार को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी का अद्वैत वेदांत दर्शन आत्मा और परमात्मा की एकता का संदेश देता है, जो समत्व और विश्व बंधुत्व की भावना को जन्म देता है।

शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन, अद्वैत वेदांत और उनके आदर्श जीवन आध्यात्मिक योगदान पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरलाल चौरसिया, रमाकांत पौराणिक, सुशील कुमार नामदेव, उमाशंकर उपाध्याय, कृष्णा पटेल रहे। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एमसीएमसीडीपी के विद्यार्थी सोनम राजपूत, ज्योति नेमा, मीना अहिरवार, अंकित पटेल द्वारा चित्र बनाकर जल संरक्षण का

---

# मां प्रेम अपूर्वा की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



नगर संवाददाता, विदिशा।

ओशो लाइफ अकादमी विदिशा द्वारा रविवार को कीर्तिशेष मां प्रेम अपूर्वा जी की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजली कार्यक्रम में उनकी पुण्य स्मृति में परमार्थ संस्था विदिशा प्रतिभा विकास संस्थान को नव निर्मित भवन में दान स्वरूप कार्यालय फर्नीचर भेंट किया। प्रारम्भ में कीर्तिशेष मां प्रेम अपूर्वा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया और भाव भीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। संस्थान द्वारा हार्दिक आभार और कृतज्ञता व्यक्त की गई।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विदिशा संतोष बिटोलिया, ओशो अकादमी के अखिलेश जैन, राजेश जैन अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल, आदेश जैन, विनोद काले, चन्द्रकांत गुप्ता, संध्या बिटोलिया, कृति प्रधान, प्रतिभा विकास संस्थान के अध्यक्ष दिनेश वाजपेयी, उपाध्यक्ष अतुल रतनशी शाह, इंजी. सी.एल. गोयल, सचिव के.ए. गुप्ता, कोषाध्यक्ष विश्वेन्द्र आर्य, प्रचार सचिव इंजी. सूर्य प्रकाश आर्य, प्रो. सत्येंद्र सक्सेना, संयुक्त सचिव विपुल शर्मा, ज्योति आर्य, कांती वाजपेयी, विदिशा सेवा संस्थान के अध्यक्ष समीर शाह, सचिव आर.के. कुलश्रेष्ठ, लायंस क्लब विदिशा के अध्यक्ष अरुण सोनी उपस्थित रहे।

### मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से नक्शा अभियान की समीक्षा की

**विदिशा।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से निकाय क्षेत्रों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में क्रियान्वित नक्शा पायलेट प्रोजेक्ट सिटी सर्वे के कार्यो की समीक्षा की। विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी, अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत, तहसीलदार डॉ. अमित सिंह मौजूद रहें। गौरतलब हो कि भारत सरकार द्वारा भूमि संसाधन विभाग के पायलट नक्शा प्रोजेक्ट के कार्यक्रम में ड्रोन फ्लाई नेक्सा के एसओपी तथा वीडियो भी लॉच किया गया है।

---

# अजयगढ़ में प्राचीन जलाशय की सफाई के लिए किया श्रमदान



नगर संवाददाता, विदिशा।

जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में संचालित प्राचीन जल स्त्रोतों के साफ-सफाई कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में आज अजयगढ़ के खंदिया हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित प्राचीन चोपरा जलाशय में श्रमदान के जरिए साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही जल संरक्षण पर ध्यान केन्द्रित कर जल सहेजने का संकल्प भी दिलाया गया।

उपस्थितजनों को समय रहते जल संरक्षण के उपाय करने तथा पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। परिषद के वालेंटियर ने कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित जीवन के लिए जल संरक्षण का कार्य जरूरी है। हर खेत और हर गांव में वर्षा जल के संचयन का सार्थक प्रयास करना चाहिए। खेती में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन पद्धति के उपयोग से भी पानी का अपव्यय रोका जा सकता है। इस अवसर पर नवांकुर संस्थाओं के परामर्शदाता छात्र और प्रस्फुटन समितियों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

---

# कुछ देर की बारिश के बाद उमस ने किया बेहाल



नगर संवाददाता, विदिशा।

सिरोंज क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर जारी रहने से मौसम तो खुशनुमा हो गया है लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

आलम यह है कि सुबह की शुरुआत आसमान में बादल छाने से होती है। फिर घंटे दो घंटे बाद आसमान साफ होते ही लोगों को खासी गर्मी का एहसास होने लगता है। जो दोपहर तक सताती है दोपहर उपरांत फिर मौसम मिजाज बदल जाता है। आसमान में बादल छा जाते हैं घटाएं मंडराने लगती हैं। फिर आंधी तूफान के साथ बूंदाबांदी होती है। कुछ देर की बारिश के बाद उमस से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---

कृषि उपज मंडी परिसर में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

# हम्मालों को बताई कानून की बारीकियां



नगर संवाददाता, विदिशा।

विदिशा कृषि उपज मंडी परिसर में सोमवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। मंडी सचिव नील कमल वैद्य ने बताया कि शिविर में मंडी कर्मचारियों के साथ साथ हम्मालों को कानूनी प्रावधनों की जानकारियां साझा की गई है। कृषि उपज मंडी समिति विदिशा के सभाकक्ष में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नितेंद्र सिंह तोमर और न्यायिक मजिस्ट्रेट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अपूर्वा पाठक द्वारा विधि से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर में मंडी सचिव नीलकमल वैद्य द्वारा हम्मालों और तुलावटियों के पुलिस चरित्र सत्यापन में दर्ज आपराधिक धाराओं के संबंध में विधिक मार्गदर्शन लिया गया।

---

व्यापारी संघ आज बंद रखेंगे बाजार, करेंगे विरोध

# गोमगांव के प्राचीन मंदिर में तोड़फोड़ मामले ने तूल पकड़ा

नगर संवाददाता, विदिशा।



सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम गोमगांव में स्थित प्राचीन जलाधारी शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया। फरियादी योगेन्द्र तिवारी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मंदिर में शिवलिंग सहित अन्य मूर्तियों को खंडित किया गया था। घटना को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया, जिससे हिंदू संगठनों और ग्रामवासियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति तथा एसडीओपी खिरकिया राबर्ट गिरवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी संदीप यादव के नेतृत्व में सिराली पुलिस ने साक्ष्य संकलन एवं सायबर सेल की मदद से दो संदिग्धों को चिन्हित किया। 17 मई को इजायत पिता मुजावर शाह (27) एवं अफरोज पिता दरवाज शाह (22) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। प्रारंभ में आरोपियों ने जुर्म स्वीकार नहीं किया, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों एवं कड़ी पूछताछ के बाद उन्होंने स्वीकारा कि वे शराब एवं गांजे के नशे में मंदिर के पास से गुजरते समय चोरी की नीयत से मंदिर में घुसे थे। जब कुछ नहीं मिला, तो उन्होंने गुस्से में मूर्तियों को खंडित कर दिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की निष्क्रियता से नाराज होकर व्यापारी संघ और हिंदू संगठनों ने 20 मई को सिराली बाजार बंद रखने का ऐलान किया है। साथ ही थाना घेराव और ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई गई है।

#### हिंदू संगठनों और व्यापारी संघ की नाराजगी

आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई, लेकिन पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। हिंदू संगठनों एवं व्यापारी संघ का आरोप है कि पुलिस द्वारा मीडिया को जानकारी देने में देरी की गई और प्रेस नोट दो दिन बाद जारी किया गया। साथ ही आरोपियों के चोरी की नीयत से मंदिर में घुसने की बात भी संदेह के घेरे में है, क्योंकि मंदिर की दानपेटी सुरक्षित पाई गई है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि पुलिस कुछ तथ्य छुपा रही है।

#### व्यापारी संघ अध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक के बीच तनाव

मामले को लेकर व्यापारी संघ अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत ने जब पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे से फोन पर चर्चा की तो कथित तौर पर अनुचित शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे व्यापारी संघ में और नाराजगी फैल गई। व्यापारी संघ अध्यक्ष ने बताया कि वे इस पूरे प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री मोहन यादव से करेंगे और पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की मांग करेंगे।

#### एसडीएम बोले -व्यापारी से चर्चा जारी है

एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और व्यापारी संघ के साथ चर्चा की जा रही है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। व्यापारी संघ द्वारा थाने का घेराव एवं ज्ञापन सोपा जाएगा।

---

**क्रिकेट** | विधायक ट्रॉफी क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ

# टूर्नामेंट का उद्देश्य छुपी प्रतिभाओं को निखारना है: सप्रे

नगर संवाददाता, विदिशा।

रविवार को कुरवाई के कालेज ग्राउंड पर सात दिवसीय विधायक ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक हरि सिंह सप्रे ने किया। उनका स्वागत टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष सीताराम सैनी ने किया। कमेटी के सचिव इल्यास मो. कोषाध्यक्ष कप्तान सिंह राणा सदस्य मो अमीर खान, शानू खान, मीडिया प्रभारी वरुण चौबे, शोएब खान ने अतिथियों का माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ से सम्मान किया।

इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप सप्रे भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी व देवराज राजपूत, सरवर पटेल गिरजेश साहू,निखलेश सक्सेना, याकूब खान, उज्वेन्द्र चौहान योगेश राठौर मनोहर शर्मा हसीन खान समेत अन्य अतिथि एवं टीमों के ओनर्स उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर ट्रॉफियों का



उद्घाटन आतिशबाजी के साथ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सप्रे द्वारा ग्राउंड पर पहुंचकर दोनों टीमों से मुलाकात की और फिर बल्लेबाजी में हाथ अजमाए। इस अवसर पर सप्रे ने आयोजन समिति के सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि समिति द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था इस टूर्नामेंट में की गई है।

जब समिति के सदस्य मेरे पास आए तो मेरे द्वारा उनसे कहा गया था कि आप इस टूर्नामेंट में कुरवाई विधानसभा स्तर के ही खिलाड़ियों को खिलाया जाए जिससे हमारे विधानसभा के खिलाड़ियों की प्रतिभा का निखार हम सबके सामने आये और यह भविष्य में प्रदेश और देश के लिए खेलें ताकि हमारी विधानसभा का नाम रोशन हो। शुभारंभ अवसर पर दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला देवली 11 और हीरा 11 में हुआ। जिसमें देवली ने जीत दर्ज की। वही दूसरा मैच फ्यूचर वारियर और ग्रीन बेली के बीच खेला गया। जिसमें फ्यूचर वारियर ने मैच जीता।

ज्योतिष

## इन तीन राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है गंगा दशहरा का पर्व



हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हर साल गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है, जो मां गंगा को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने और पितरों का तर्पण करने से व्यक्ति को न केवल पिछले दस जन्मों के पापों से छुटकारा मिलता है, बल्कि जीवन में किए गए गंभीर अपराधों से भी मुक्ति मिल सकती है। इस वर्ष गंगा दशहरा 5 जून 2025 को मनाया जाएगा।

### गंगा दशहरा 2025 शुभ योग

इस बार गंगा दशहरा खास ज्योतिषीय संयोग के साथ आ रहा है। पर्व से ठीक पहले शुक्र और राहु-केतु का गोचर कुछ राशियों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इन जातकों को न केवल आर्थिक लाभ होगा, बल्कि उनका आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता भी बढ़ेगी।

इन राशियों की बदल सकती है किस्मत

**मेष राशि :** मेष राशि के लिए यह पर्व बेहद शुभ रहने वाला है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रभावशाली लोगों से संपर्क बढ़ सकते हैं। पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। करियर से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय सफल हो सकता है। साथ ही वरिष्ठों का सहयोग मिलने से चल रही परेशानियाँ दूर होंगी।

**कन्या राशि :** गंगा दशहरा का पर्व कन्या राशि वालों के लिए शुभ साबित हो सकता है। इस दिन पुराने अटके कार्य पूरे होंगे और विरोधियों पर जीत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति के योग बन रहे हैं। साथ ही आर्थिक पक्ष मज़बूत होगा और पुराने कर्जों से राहत मिलने की संभावना है। इसके अलावा स्वास्थ्य में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**मिथुन राशि :** इस राशि के जातकों को ग्रहों की चाल का सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा और करियर में नई दिशा मिलेगी। साहस और आत्मबल में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोग नई नौकरी या स्थानांतरण का विचार कर सकते हैं। राहु की स्थिति आपकी चतुराई को बढ़ाएगी, जिससे योजनाओं को सफलतापूर्वक अमल में ला पाएंगे।

## दाहिनी आंख फड़कने का रहस्य जानिए पुरुषों और महिलाओं के लिए इसके अलग-अलग संकेत



कई बार हमारे शरीर के कई अंग जैसे आंख, होंठ या कभी हाथ बिना किसी कारण हिलने लगता है। सामुद्रिक शास्त्र में इसे केवल संयोग नहीं माना जाता, बल्कि इसका संबंध भविष्य में घटने वाली घटनाओं से माना जाता है। आज हम जानेंगे कि दाहिनी आंख के फड़कने को लेकर क्या मान्यता है। दरअसल, यह संकेत पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग होता है

**महिलाओं में दाहिनी आंख फड़कने के संकेत :** अगर किसी महिला की दाहिनी आंख फड़कती है, तो यह आमतौर पर अशुभ संकेत माना जाता है। मान्यता है कि इससे आने वाले समय में उन्हें मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह पारिवारिक कलह, मानसिक तनाव, स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं, या किसी अप्रिय समाचार का संकेत हो सकता है। यह संकेत सावधानी बरतने और मानसिक रूप से खुद को मजबूत बनाए रखने की ओर इशारा करता है।

**पुरुषों में दाहिनी आंख फड़कने के संकेत :** जहां महिलाओं के लिए यह अशुभ संकेत माना जाता है, वहीं पुरुषों में दाहिनी आंख का फड़कना सकारात्मक माना गया है। इसे शुभ संकेतों में गिना जाता है। यह कार्यों में सफलता मिलने, नौकरी या कारोबार में तरक्की, आर्थिक लाभ या रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना लिए होता है। साथ ही आपको किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का अवसर भी मिल सकता है।

**अगर बाईं आंख फड़के तो करें ये उपाय :** यदि बाईं आंख फड़क रही हो, तो इन उपायों को आजमा सकते हैं। इसके लिए आप घर के मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाएं।देवी लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं। भगवान गणेश को सुपारी अर्पित करें। तुलसी पर दीपक जलाएं और तुलसी दल भगवान विष्णु को चढ़ाएं। साथ ही जरूरतमंदों को भोजन कराएं या मिठाई बांटें। इन उपायों से नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

आर्टिफिशियल स्वाद, प्रिजर्वेटिव्स और चीनी से बने प्रोटीन पाउडर सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं

# बाजार के महंगे प्रोडक्ट के बजाय डाइट में शामिल करें ये होममेड प्रोटीन पाउडर

प्रोटीन हमारे शरीर के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह कोशिकाओं के निर्माण, मरम्मत के लिए बहुत जरूरी होता है। यही वजह है कि बहुत से लोग शरीर में प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए बाजार के प्रोटीन पाउडर का सेवन करते हैं। लेकिन, बाजार में मिलने वाले महंगे प्रोटीन पाउडर अक्सर आर्टिफिशियल स्वाद, प्रिजर्वेटिव्स और चीनी से बने होते हैं, जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में घर पर बना प्रोटीन पाउडर एक स्वस्थ, किफायती विकल्प है।



### होममेड प्रोटीन पाउडर के फायदे

बादाम, अखरोट, काजू और बीजों में प्रोटीन की उच्च मात्रा होती है, जो मांसपेशियों के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है।

चिया और अलसी के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं, जो पाचन तंत्र को सुचारू रखते हैं और कब्ज से राहत देते हैं।

इस पाउडर में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड (अलसी और चिया सीड्स से) और हेल्दी फैट (नट्स से) कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय से संबंधित जोखिम को कम करते हैं।

खजूर प्राकृतिक मिठास और ऊर्जा प्रदान करते हैं, जबकि विटामिन ई, सी और एंटीऑक्सीडेंट्स (नट्स और बीजों से) रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं।

### कैसे करें सेवन?

होममेड प्रोटीन पाउडर का सेवन कई आसान और स्वादिष्ट तरीकों से किया जा सकता है। सुबह आप 1-2 चम्मच पाउडर को दूध या स्मूदी में मिलाकर पी सकते हैं। इसे दलिया, दही या फल सलाद में छिड़ककर भी खाया जा सकता है, जो स्वाद और पोषण दोनों बढ़ाता है। वर्कआउट के बाद इस पाउडर का सेवन कर सकते हैं इससे मांसपेशियों को पोषण मिलता है।

### होममेड प्रोटीन पाउडर बनाने की सामग्री

2 चम्मच कच्चे खरबूजे, कद्दू और सूरजमुखी के बीज

1 चम्मच कच्चे अलसी के बीज

2 चम्मच चिया सीड्स

1/4 कप मोटे कटे सूखे खजूर

1 कप बादाम

आधा कप अखरोट और कच्ची मूंगफली

1/4 कप काजू और पिस्ता

### बनाने की विधि

होममेड प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए सबसे पहले एक नॉन-स्टिक पैन लें और उसमें बादाम, अखरोट, मूंगफली, काजू और पिस्ता को बारी-बारी से हल्का भूनें। इसके बाद, खरबूजे, कद्दू, सूरजमुखी और अलसी के बीजों को भी हल्के से भून लें। भूनने के बाद सभी सामग्री को पूरी तरह ठंडा होने दें। जब सामग्री ठंडी हो जाए, तो उसमें चिया सीड्स और मोटे कटे सूखे खजूर मिलाएं। अब इस मिश्रण को ब्लेंडर में डालकर बारीक पाउडर बना लें। तैयार पाउडर को एक एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करें और रोजाना अपनी डाइट में शामिल करें।



## सेहत में सुधार के लिए बेन स्टोक्स ने छोड़ी ये आदत, स्वस्थ रहना है तो आप भी गांठ बांध लीजिए ये बात

इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी सेहत में सुधार के लिए एक बड़ा फैसला लिया है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के लिए फिट रहने और सेहत में सुधार के लिए उन्होंने रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना बंद कर दिया है। तेजतर्रार क्रिकेटर ने कहा कि इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने शराब से दूरी बना ली थी, 2 जनवरी से बिल्कुल भी शराब नहीं पी। विशेषज्ञों ने कहा कि शराब छोड़ने से रिकवरी अच्छी होती है और सेहत में भी सुधार होता है।

दुनियाभर के स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को लाइफस्टाइल की जिन गड़बड़ आदतों से दूरी बनाने की सलाह देते रहे हैं, शराब और धूम्रपान उनमें प्रमुख है। शराब पीने की आदत न सिर्फ आपको कई प्रकार की गंभीर बीमारियों यहां तक कि कैंसर का शिकार बना सकती है, साथ ही ये बीमारियों से रिकवरी में भी समस्या उत्पन्न करती है।

शराब पीने से क्या दिक्कतें होती हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, शराब के सेवन से कई तरह के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव हो सकते हैं। कई अध्ययन इस बात को प्रमाणित करते हैं कि जो लोग शराब पीते हैं उनमें लिवर डैमेज होने-लिवर कैंसर, हृदय रोग सहित कई अन्य प्रकार के कैंसर का जोखिम अधिक होता है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी शराब के दुष्प्रभाव देखे जाते हैं। ये आदत स्ट्रेस-एंग्जाइटी और कुछ स्थितियों में अवसाद के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

शराब छोड़ने से क्या होता है?

अमेरिकन बोर्ड ऑफ ओबेसिटी मेडिसिन की मेडिकल डायरेक्टर रेखा बी. कुमार ने एक रिपोर्ट में बताया कि अगर आप शराब पीने से 30 दिन का भी ब्रेक ले लेते हैं तो इससे कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ ये है कि आपमें कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोगों का जोखिम कम हो सकता है। आप बेहतर नींद का भी अनुभव करने लगते हैं। शराब छोड़कर सेहत को ठीक करने के लिए कई हिस्सों में "ड्राई जनवरी" मनाया जाता है। इसमें छुट्टियों के मौसम के बाद खुद को फिर से तरोताजा करने के लिए लोग एक महीने तक शराब पीना बंद कर देते हैं।

थोड़ी मात्रा में भी शराब पीना सुरक्षित नहीं

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि शराब का सेवन किसी भी स्तर (थोड़ी मात्रा भी) पर मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है। सभी लोगों को इस खतरनाक आदत से बचना चाहिए। अगर आप शराब पीते हैं और इसे अभी से छोड़ने का निश्चय कर लेते हैं तो आपको कुछ ही दिनों में लाभ दिखने शुरू हो जाते हैं। शराब पीने वालों में समय के साथ लिवर सिरोसिस का खतरा रहता है। अध्ययनों में पाया गया है कि शराब छोड़ने के कुछ ही दिनों के बाद आपका लिवर फिर से ठीक होने की प्रक्रिया में आ जाता है।

### शराब छोड़ने के फायदों को भी जानिए

शराब छोड़ने के एक महीने के भीतर कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार होने लगता है, जिसे हृदय रोगों का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है।

आपमें पेट-लिवर, ब्रेस्ट और कोलन कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है।

शराब पीने से वजन बढ़ने का जोखिम रहता है, जब आप इसे छोड़ते हैं तो कुछ ही महीनों में आपका वजन फिर से सामान्य होने लग जाता है।

शराब छोड़ने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और नींद की गुणवत्ता में भी सुधार आने लगता है।

शराब कई दवाओं के साथ रिएक्ट कर सकता है। ऐसे में तेज रिकवरी के लिए भी शराब से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है।

## फलों में सुपरफूड माना जाता है पपीता खाली पेट खाने से 4 फायदों की है गारंटी

पपीता, एक ऐसा फल है जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसे पोषक तत्वों का खजाना भी कहा है। बहुत से लोग इसे सुपरफूड भी कहते हैं क्योंकि इसके नियमित सेवन के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। खासतौर पर सुबह खाली पेट पपीता खाने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। पपीता में विटामिन, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होता है, जो पाचन से लेकर त्वचा और इम्यूनिटी तक को बेहतर बनाने मदद करता है।

**पपीता क्यों है सुपरफूड ?**

पपीता में विटामिन सी, ए, ई, फोलेट, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। यह हृदय स्वास्थ्य, कैंसर के खतरे को कम करने और आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी मदद करता है। अच्छी बात यह है कि यह फल बाजार में आसानी से किफायती मूल्य पर उपलब्ध हो जाता है।

**पाचन तंत्र को बनाए मजबूत :** पपीता पाचन के लिए सबसे बेहतरीन फलों में से एक है। इसमें पपैन नामक एंजाइम होता है, जो पाचन तंत्र को सुचारू रखता है। सुबह खाली पेट पपीता खाने से कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याएं दूर होती हैं। इसमें मौजूद फाइबर पेट साफ रखने में मदद करता है और आंतों को स्वस्थ रखता है। इसके नियमित सेवन से पेट हल्का रहता है और पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं।



**इम्यूनिटी बूस्ट करता है :** पपीता विटामिन सी का एक उत्कृष्ट स्रोत है। एक मध्यम आकार का पपीता आपकी दैनिक विटामिन सी की जरूरत को पूरा कर सकता है। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ती है।

**त्वचा को बनाए चमकदार :** पपीता त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए, सी, ई और बीटा-कैरोटीन होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करते हैं। सुबह पपीता खाने से त्वचा में नमी बनी रहती है, जिससे मुंहासे और दाग-धब्बे कम होते हैं। पपैन एंजाइम डेड सेल्स को हटाने में मदद करता है, जिससे त्वचा चमकदार और मुलायम बनती है।

## गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचाने के साथ पूरे शरीर को स्वस्थ रखेगा ये सुपरफूड

खीरा को गर्मियों का सुपरफूड माना जाता है। ये कई गुणों से भरपूर होता है, सबसे खास बात ये आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकता है। खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। देशभर में गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। तेज धूप और बढ़ता तापमान डिहाइड्रेशन के खतरे को तो बढ़ाता ही है साथ ही इससे हीट स्ट्रोक होने का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते हैं। क्या आप गर्मी और लू से बचाव के लिए जरूरी उपाय कर रहे हैं?

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, इस मौसम में सभी लोगों अपने खान-पान को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए। खीरा को आहार का हिस्सा जरूर बना लें, ये आपकी सेहत के लिए इस मौसम में विशेष लाभकारी हो सकता है।

**गर्मियों का सुपरफूड है खीरा :** खीरा को गर्मियों का सुपरफूड माना जाता है। ये कई गुणों से भरपूर होता है, सबसे खास बात ये आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकता है। खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, इसके साथ ये शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स भी प्रदान करता है। ये ठंडक देने के साथ मांसपेशियों और तंत्रिका कार्य, रक्त



पीएच और सामान्य हृदय गति के लिए महत्वपूर्ण है। खीरे में कैलोरी की मात्रा भी बहुत कम होती है।

**लो कैलोरी और पोषक तत्वों में फुल :** एक मध्यम आकार के खीरे में आमतौर पर केवल 30-40 कैलोरी होती है। लो कैलोरी की मात्रा के बावजूद, खीरा महत्वपूर्ण विटामिन और खनिज प्रदान करता है। इसमें विटामिन-सी होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। फ्लेवोनोइड्स और टेनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट कोशिकाओं की क्षति को रोकते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम और पोटैशियम मांसपेशियों के कार्य और हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। खीरे में मौजूद विटामिन-के शरीर को कैल्शियम को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं।

कार्नर न्यूज

50 साल से कम उम्र के पुरुषों में भी प्रोस्टेट कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं

# हर 8 में से एक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर का खतरा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन भी हो गए हैं शिकार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन कैंसर से पीड़ित हैं। रविवार को पूर्व राष्ट्रपति के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उनमें 'आक्रमक स्तर' के कैंसर का निदान किया गया है, उपचार के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ चर्चा की जा रही है। उन्हें पिछले कुछ समय से मूत्र संबंधी दिक्कतें हो रही थीं, जिसके बाद पिछले सप्ताह डॉक्टरों ने जांच के दौरान प्रोस्टेट से संबंधित समस्या का निदान किया। शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का पता चला, कैंसर कोशिकाएं हड्डियों तक फैल गई हैं। फिलहाल की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर्स ने बताया कि ये बीमारी का अधिक आक्रामक रूप है, लेकिन कैंसर हार्मोन-संवेदनशील प्रतीत होता है, जिसका मतलब है कि इसका प्रभावी रूप से इलाज किया जा सकता है। इस खबर के सामने आने के बाद से दुनियाभर के बड़े नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।



### पुरुषों में बढ़े हैं प्रोस्टेट कैंसर के मामले

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को जिस प्रकार के कैंसर का पता चला है, उसके मामले पिछले एक दशक में काफी तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि प्रोस्टेट कैंसर का समय पर पता चलने पर इसकी गंभीरता से बचा जा सकता है, लेकिन यह पुरुषों में कैंसर से होने वाली मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण भी है। जिसका मतलब है कि ज्यादातर लोगों में इसका समय पर निदान नहीं हो पाता है, जिसके कारण कैंसर के गंभीर रूप लेने और जान जाने का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

### प्रोस्टेट कैंसर होता क्या है?

प्रोस्टेट पुरुषों में प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है। यह वीर्य के लिए तरल पदार्थ बनाता है। प्रोस्टेट ग्रंथि में विकसित होने वाला ये कैंसर आमतौर पर वृद्ध लोगों को प्रभावित करता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में कम उम्र के लोगों में भी इसका खतरा बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी पुरुषों को इस गंभीर कैंसर के मामलों को लेकर अलर्ट रहना चाहिए।

### कितनी खतरनाक है ये बीमारी?

जो बाइडन के कार्यालय की तरफ से साझा की गई जानकारियों के मुताबिक उनका कैंसर हड्डियों तक फैल गया है, जो इसे प्रारंभिक चरण के प्रोस्टेट कैंसर से अधिक गंभीर बनाता है। मैसाचुसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर सेंटर के डॉ. मैथ्यू स्मिथ ने कहा कि हाल के दशकों में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में काफी सुधार हुआ है। इलाज के माध्यम से मरीज चार-पांच साल या उससे अधिक समय तक जीवित रह सकते हैं। स्मिथ ने कहा- इसका इलाज तो किया जा सकता है पर इसे ठीक नहीं किया जा सकता। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए उन दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है जो शरीर में हार्मोन के स्तर को नियंत्रित करती हैं और कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को धीमा करती हैं।




### प्रोस्टेट कैंसर कैसे पता लगाएं? क्या तरीका है

हालिया अध्ययनों की रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि भारत में 50 साल से कम उम्र के पुरुषों में भी प्रोस्टेट कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी पुरुषों को इस गंभीर कैंसर के मामलों को लेकर अलर्ट रहना चाहिए। कुछ टेस्ट हैं जिसकी मदद से आप आसानी से पता कर सकते हैं कि कहीं आपको भी तो ये बीमारी नहीं है? विशेषज्ञों की टीम ने इसके लिए एक नई खोज की है। मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक जल्द ही किट के माध्यम से घर पर ही स्लाइवा (लार) का परीक्षण करके प्रोस्टेट कैंसर का परीक्षण किया जा सकता है। कैंसर रिसर्च यूके में विशेषज्ञ नासर तुराबी कहते हैं, फिलहाल एग्रेसिव प्रकार के प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाने के लिए कोई सटीक और पुख्ता तरीका नहीं है।

**संक्षिप्त समाचार**

### स्व. पंडित उमाशंकर जोशी तैराकी चयन प्रतियोगिता 25 को

इंदौर। स्वर्गीय पंडित उमाशंकर जोशी स्मृति तैराकी चयन स्पर्धा का आयोजन 25 मई को खंडवा रोड स्थित अरिहंत कॉलेज में



किया जा रहा है। जानकारी देते हुए जिला तैराकी संघ खंडवा के सचिव पंडित राकेश जोशी ने बताया कि, इस प्रतियोगिता में बालक-बालिका समूह के कई वर्ग के मुकाबले का आयोजन किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा के आधार पर आगामी माह में खंडवा में आयोजित होने वाली 53वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता में खंडवा जिले की टीम निर्धारित की जाएगी। यह चयन स्पर्धा दो चरणों में संपन्न होगी। प्रविष्टि देने का अंतिम दिवस 22 मई शाम 5 बजे तक रहेगा। अधिक जानकारी के लिए सिटी जिम खाना क्लब में पं. प्रणय जोशी एवं पं. अनुज जोशी से तथा अरिहंत कॉलेज में गौरव हरदिया से संपर्क किया जा सकता है।

### मन बड़जत्या को दोहरी सफलता

इंदौर। सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 67वीं सरताज लीग बैडमिंटन स्पर्धा में मन बड़जत्या ने 13 और 15 वर्ष बालक वर्ग का खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की, नायशा पुरोहित को बालिका वर्ग का खिताब मिला, अशांक मिश्रा 11 वर्ष बालक और अयांश मिश्रा 9 वर्ष (कोंपल) आयु वर्ग में विजेता रहा।

#### पहलगाम आतंकी हमला और पाकिस्तान से सैन्य संघर्ष के कारण तनाव

# एशिया कप नहीं खेलेगी टीम इंडिया, टूर्नामेंट रद्द होना तय

### भविष्य में एसीसी के आगे के आयोजनों में भी हम भाग नहीं लेंगे : बीसीसीआई




**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप खेल ने से इंकार कर दिया है। इससे भारत की मेजबानी में इस साल सितंबर में होने वाले इस पुरुष एशिया कप का आयोजन खतरे में पड़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। बीसीसीआई ने पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी की अध्यक्षता वाली एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को बताया है कि वह जून में श्रीलंका में होने वाली महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप और पुरुष एशिया कप 2025 से अपने नाम वापस ले रहा है।

इसका कारण पहलगाम आतंकी हमला और उसके बाद पाकिस्तान से सैन्य संघर्ष कारण तनाव बढ़ने को बताया गया है। बीसीसीआई का कहना है कि भारतीय टीम किसी ऐसे टूर्नामेंट में नहीं खेल सकती है, जिसके आयोजन का प्रमुख पाकिस्तान का कोई मंत्री हो। साथ ही कहा कि यह पूरे देश की भावना है। इसी कारण हमने आगामी महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप से अपनी वापसी के बारे में एसीसी को जानकारी दे दी है। साथ ही कहा कि भविष्य में एसीसी के आगे के आयोजनों में भी हम भाग नहीं लेंगे।

गौरतलब है इस साल एशिया कप की मेजबानी भारत को करनी थी और अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए इसे टी-20 प्रारूप में खेला जाना था। इस टूर्नामेंट इससे पहले 2023 में आयोजन हुआ था। तब भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर जीत दर्ज की थी। एशिया कप के अधिकतर प्रायोजक भारतीय कंपनियां हैं इसलिए भारतीय टीम के नहीं खेलने से ये टूर्नामेंट रद्द होना तय है। भारत और पाकिस्तान के अलावा इस टूर्नामेंट में श्रीलंका, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें भी खेलती हैं। एशिया कप का पिछला सत्र पाकिस्तान में हुआ था। तब भारत नपे अपनी टीम सुरक्षा कारणों से नहीं भेजी थी और तटस्थ स्थल श्रीलंका में अपने मुकाबले खेले थे।

## प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई लखनऊ, हैदराबाद ने छह विकेट से हराया



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया और उन्हें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। इस तरह ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पांचवीं टीम बन गई। सोमवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर 206 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए अभिषेक शर्मा ने सर्वाधिक 59 रन बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए जबकि विलियम ओरुर्के और शार्दुल ठाकुर को एक-एक सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत इस मैच में झटके के साथ हुई थी। अथर्व ताइडे 13 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 82 रनों की साझेदारी हुई। अभिषेक 20 गेंदों में 59 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें दिग्वेश राठी ने शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच कराया।

इसके बाद ईशान किशन को हेनरिक क्लासेन का साथ मिला। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले और 41 रन जोड़े। किशन 28 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हो गए जबकि क्लासेन 47 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे।

## राहुल द्रविड़ ने ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की

### मैच चूकने पर जताया अफसोस



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दबाव में धैर्य बनाए रखने के लिए युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की और इस सीजन में टीम की करीबी हार के बावजूद कठिन परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का श्रेय उन्हें दिया।

रविवार को राजस्थान की हालिया करीबी हार के बाद द्रविड़ ने कहा, हर एक मैच में वह 13-14 रन प्रति ओवर का पीछा करना आसान नहीं है। उसने वास्तव में अच्छा खेला, भले ही हमने बीच के ओवरों में कई विकेट खो दिए हों। उसने हमें लक्ष्य के करीब पहुंचाया। क्रम में मुश्किल स्थिति में जुरेल के स्वभाव की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा, ऐसा नहीं है कि वह सात रन प्रति ओवर की जरूरत के लिए मैदान में उतरा और असफल रहा। यह हमेशा 12-13 रन होता है, कभी-कभी इससे भी ज्यादा। मुझे लगता है कि जुरेल ने हमारे लिए नंबर 5 पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्थिति में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है।

द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग और संजू सैमसन की तारीफ की और कहा हमने प्रतिभा देखी है। आज फिर से, जायसवाल, वैभव, जुरेल, यहां तक कि संजू और रियान की बल्लेबाजी भी देखी। हमारे पास युवा भारतीय बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है। वे एक साल में और बेहतर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी और पराग जैसे खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों के माध्यम से और अधिक अनुभव प्राप्त होगा। द्रविड़ ने कहा, वैभव भारत अंडर-19 सेटअप की तरह बहुत अधिक क्रिकेट खेलेगा। रियान पराग भी। ये खिलाड़ी पूरे साल कठिन क्रिकेट खेलेंगे। उम्मीद है कि जब वे अगले सीजन में लौटेंगे, तो वे अधिक अनुभवी होंगे। वे पहले से ही बहुत प्रतिभाशाली हैं।

#### गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की निर्माण प्रक्रिया शुरू

# 236 करोड़ से तैयार होगा उप्र का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**खेल संवाददाता, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

प्रदेश में यह चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23.6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22



किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20.8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा, यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेटिंग इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा।

गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को ईपीसी मोड पर बनाए जाने की तैयारी है। इसके अंतर्गत स्टेडियम परिसर में एंट्री गेट्स, सिक्योरिटी चेक प्वॉइंट्स, ईस्ट व वेस्ट स्टैंड तथा नॉर्थ व साउथ पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। परिसर में 1500 गाड़ियों की पार्किंग की क्षमता भी होगी। ईस्ट स्टैंड में 14,490 तथा वेस्ट स्टैंड में 14,490 के दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।

## भारत ने जीता सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप खिताब

### पेनल्टी शूट आउट में बांग्लादेश को 4-3 से हराया




**एजेंसी ■ यूपिया (अरूणाचल प्रदेश)**

भारत ने रविवार को पेनल्टी शूट आउट में बांग्लादेश को 4-3 से हराकर सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। नियमित समय के बाद मुकाबला 1-1 से बराबर था जिससे नतीजे के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। भारत को दूसरे ही मिनट में कप्तान सिंगामायुम शमी ने बढ़त दिलाई, लेकिन बांग्लादेश ने 61वें मिनट में मोहम्मद जॉय के गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली।

#### सब जूनियर कुश्ती कनाड में सम्पन्न

## कुश्ती स्पर्धा में इंदौर ने जीते 15 स्वर्ण पदक

**खेल संवाददाता, इंदौर।**

मध्यप्रदेश कु श्ती संघ के विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि, कनाड में सम्पन्न हुई अंडर 15 एवं अंडर 17 तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कु श्ती स्पर्धा में इंदौर ने 15 स्वर्ण जीते। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक उषा ठाकु र, ओलंपियन पप्पू यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, राधेश्याम यादव, विक्रम



यादव, गोविंद गुजर, विकास यादव ने विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक पहनाए।

अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश यादव, जगदीश यादव, विनोद यादव, अज्जु ओसारी ने किया। इंदौर के हितेश कु शवाह, यश यादव, आशुतोष बारोड़, वंश पाल, विनय यादव, योगेश यादव, तुशांत जाधव, मोहम्मद अली पठान, युवराज यादव, मोहम्मद जैद, वंशिका हार्डिया, मान्यता बौरासी, प्राची जोशी, अनिशा नायक, श्रेया बौरासी इंदौर ने स्वर्ण पदक जीते। इंदौर 15 स्वर्ण, भोपाल 6 स्वर्ण, खंडवा 3 स्वर्ण, उज्जैन 1 स्वर्ण, ग्वालियर 1 स्वर्ण, सागर 1 स्वर्ण, शयोपुर 1 स्वर्ण, मंडला 1 स्वर्ण एवं मंदसौर 1 स्वर्ण जीतने में कामयाब रही। 405 पहलवानों ने राज्य कुश्ती में भाग लिया।

## बेन ने चोट से उबरने के लिए शराब छोड़ी

**एजेंसी ■ लंदन**

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था और उन्हे उम्मीद है इससे उनकी चोट से उबरने में मदद मिलेगी।



33 वर्षीय स्टोक्स ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाई थी। शुरू में उन्हें कम से कम तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था, लेकिन अभी तक उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए नहीं खेला है। इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय गर्मियों की शुरुआत 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी।ऑलराउंडर स्टोक्स को पिछली गर्मियों में द हंड्रेड के दौरान इसी तरह की चोट लगी थी। उन्होने कहा, अपनी पहली बड़ी चोट के बाद, मुझे उसका सदमा याद है। मैंने सोचा हमने चार या पाँच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इससे कोई फर्क पड़ता। इससे कोई मदद नहीं मिलती। फिर मैंने सोचा ठीक है, मुझे जो करना है उसे बदलना होगा।

## दीव में खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' की शुरुआत



**एजेंसी ■ दीव**

खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत सोमवार से भारत के समुद्र तटों तक पहले खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' की शुरुआत होगी जिसमें देश भर से 1000 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। खिलाड़ी छह दिनों तक छह पदक स्पर्धाओं और दो प्रदर्शनी खेलों में हिस्सा लेंगे। इन खेलों का समापन शनिवार को होगा। पदक स्पर्धाओं में बीच सॉकर, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी, बीच सेपक टकरा, पेनकाक सिलाट और 'ओपन वाटर' तैराकी शामिल होगी। प्रदर्शनी खेलों में मलखंब और 'टग ऑफ वॉर' (रस्साकशी) शामिल होंगे।

#### मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में

# सिंधू-प्रणय पेश करेंगे भारतीय चुनौती, बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी ■ कुआलालंपुर**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इन दोनों स्टार खिलाड़ियों से इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। सिंधू और प्रणय ने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मुकाबले गंवाए थे। सिंधू और प्रणय दोनों ही लय हासिल करने की जुगत में होंगे।

विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज सिंधु अपने अभियान की






शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा।

**कुसुमा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी आकर्षी-** आकर्षी कश्यप को इंडोनेशिया की आठवीं वरीय पुत्री कुसुमा वरदानी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स और 2024 गुवाहाटी मास्टर्स के चैंपियन सतीश करुणाकरण डेनमार्क के शीर्ष वरीय एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यैंग से होगा जबकि प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे। क्वालिफायर में किदांबी श्रीकांत, एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम और थारुण मन्नेपल्ली पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि अनमोल खरब और तस्नीम मीर महिला वर्ग में क्वालिफाई करने के इरादे से उतरेंगे। क्वालीफिकेशन दौर में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान तथा शिवम शर्मा और पूर्विशा एस राम की जोड़ी शामिल है।

## आरसीबी ने मुजरबानी और केकेआर ने शुक्ला को टीम में किया शामिल

**एजेंसी ■ बेंग्लुर**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खिलाड़ियों की आवाजाही के व्यस्त दिन में दो फ्रैंचाइजी ने शेष सत्र के लिए अपनी टीमों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण अनुबंधों की घोषणा की है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु (आरसीबी) ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एनगिडी के प्रतिस्थापन के रूप में जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अनुबंधित करने की पुष्टि की है। लुंगिसानी अपनी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। यह प्रतिस्थापन 26 मई से प्रभावी होगा।

**लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को नमन से हुई मंत्रि-परिषद बैठक की शुरुआत**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित प्रदेश के मंत्रीगणों ने की लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित

**भोपाल।** इंदौर के राजवाड़ा में आयोजित मंत्रि-परिषद की महत्वपूर्ण बैठक का शुभारंभ




लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के नमन के साथ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजवाड़ा के समीप स्थित उद्यान में देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल तथा श्री जगदीश देवड़ा सहित मंत्रीगण श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्री राकेश सिंह, श्री कैलाश विजयवर्गीय, श्री तुलसीराम सिलावट और अन्य मंत्रीगणों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित मंत्रि-परिषद के सदस्यों का मालवी परम्परा के अनुरूप पगड़ी पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रीगणों ने इस स्मृति को चिर स्थायी बनाये रखने के लिये सामूहिक फोटो भी खिंचवाये।

**मुख्यमंत्री ने राजवाड़ा के दरबार हाल के जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के गौरव राजवाड़ा के प्रसिद्ध दरबार हाल के संरक्षण एवं पुनर्स्थापना कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य संस्कृति विभाग के पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा प्रदेश की समृद्ध, सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत के संरक्षण की दिशा में कराया जा रहा है। इससे दरबार हॉल के गौरव को पुन: लौटाया जायेगा। दरबार हॉल के लिये 11 करोड़ 21 लाख रूपये सिंहस्थ मद के तहत स्वीकृत किये गये हैं। यह कार्य होने से इंदौर की पहचान होल्करकालीन स्थापत्य की कला को उसका मूल भव्य स्वरूप प्राप्त होगा। सांस्कृतिक गतिविधियों, धरोहर भ्रमण और विरासत पर्यटन के एक सक्रिय केन्द्र के रूप से पुन:: विकसित किया जायेगा।

# लालबाग के ऐतिहासिक स्थल के सौंदर्यीकरण व पर्यटन संवर्धन हेतु 24 महीने में होगा पुनर्निर्माण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**47.59 करोड़ की लागत से लालबाग पैलेस का संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में होगा विकास**

**मुख्यमंत्री ने किया लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास के लिए भूमि-पूजन**

**मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक लालबाग पैलेस का भ्रमण कर किया अवलोकन**

**मंत्रि-परिषद सदस्यों की उपस्थिति में हुई लालबाग के ऐतिहासिक परिवर्तन की शुरुआत**




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होल्कर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रूपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंकेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। आर्किटेक्ट श्री पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए कार्य एवं आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की। यह कार्य लालबाग के समृद्ध इतिहास और उसकी पुन: प्रतिष्ठा के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उद्यान और होल्कर्स की विरासत को जीवंत रखने, उद्यान को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधि स्थल के रूप में विकसित करने एवं ऐतिहासिक अवधारणा पर आधारित रचना अनुसार पुन:विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए 47.59 करोड़ की स्वीकृति सिंहस्थ मद अंतर्गत प्राप्त हुई है।

यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 24 माहअर्थात मई 2027 निर्धारित है। इसमें बाउंड्री वाल, पाथवे, पार्किंग, सॉफ्ट स्केपिंग एवं सिंचाई, जनसुविधा, टिकिट काउंटर, उद्यान कैफे, मुक्ताकाश मंच, मंडप,रानी अहिल्या बाई आत्मरक्षा केंद्र (बालिकाओं के लिए), वनस्पति रक्षा ग्रह, बाहरी विद्युतीकरण, सजावटी प्रकाश खंभे, बगीचे के लिए पाइप संगीत प्रणाली, सीसीटीवी आदि का कार्य किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर मंत्रि-परिषद के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने परियोजना की महत्वता और विकास के प्रति सरकार के संकल्प का समर्थन किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय को दी किंग कोबरा (मेल) की सौगात

**इंदौर प्राणी संग्रहालय के स्नैक पार्क और बर्ड पार्क को देख हुए प्रसन्न**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी इंदौर में आयोजित होने वाली मंत्री परिषद की बैठक से पहले आज सुबह कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां पर किंग कोबरा (मेल) की सौगात भी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्नाटक के पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क से लाए गए किंग कोबरा (मेल) को स्नैक पार्क में छोड़ा। इंदौर किंग कोबरा का प्राकृतिक आवास नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा किंग कोबरा (मेल) के लिए बनाए गए आवास की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार बेहतर इको-सिस्टम के लिए सर्प संरक्षण करने को किंग कोबरा की ब्रीडिंग हेतु चिड़ियाघर में विशेष फेसिलिटी बनाई गई हैं। अभी तक प्राणी संग्रहालय में मादा किंग कोबरा थी, अब नर किंग कोबरा के आने से प्राकृतिक रूप से ब्रीडिंग हो सकेगी जो इको-सिस्टम के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी।

किंग कोबरा अपनी लंबाई, ज़हर और अनोखे व्यवहार के लिए जाना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सर्प है, जिसकी लंबाई 18 फीट तक हो सकती है। किंग कोबरा को सबसे बुद्धिमान साँपों में से एक माना जाता है, क्योंकि यह परिस्थितियों के अनुसार अपने शिकार करने की रणनीति बदलता है। मादा किंग कोबरा अन्य साँपों से अलग होती हैं क्योंकि वे घोंसला बनाकर अंडों को सेती हैं। किंग कोबरा जैव विविधता और इको-सिस्टम के लाभदायक होते है और किसानों के मित्र कहे जाते हैं।

**बर्ड पार्क का भ्रमण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय में स्थित बर्ड पार्क का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री बर्ड पार्क में पक्षियों की विविधता और विभिन्न प्रजातियों को देख कर प्रसन्न हुए। उन्होंने पक्षियों को स्वयं दाना खिलाया। इसके अतिरिक मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर के भ्रमण के दौरान शुतुरमुर्ग, पॉकेट मंकी और अन्य प्राणियों को निहारा।चिड़ियाघर के भ्रमण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, अन्य जनप्रतिनिधि और चिड़ियाघर निदेशक डॉ. उत्तम यादव एवं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन 31 मई को भोपाल में

**प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर मेट्रो तथा सतना और दतिया एयरपोर्ट का करेंगे वर्चुअल लोकार्पण**

**लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 20 मई से 31 मई तक प्रदेश में सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम**

**उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 मई तक कृषि-उद्योग समागम**

**पचमढ़ी में जनजातीय राजा श्री भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक 3 जून को**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी को राहवीर योजना को लागू किए जाने के लिए मंत्रि-परिषद ने किया धन्यवाद ज्ञापित**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले सदस्यों को किया संबोधित**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है। लोकमाता के सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि के कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की गई है। मालवा का गौरवशाली और स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसे रेखांकित करने के आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालवा के ऐतिहासिक व्यक्तित्व मल्हार राव होल्कर, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, बाजीराव आदि को स्मरण करते हुए मालवा की धरती को नमन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के राजवाड़ा के दरबार हाल में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा वाक्य विरासत से विकास की ओर से प्रेरणा लेकर विरासत के संरक्षण और संवर्धन करते हुए विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मंत्रि-परिषद की पहली बैठक जनजातीय वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में जबलपुर में आयोजित की गई थी। आज लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में जनजातीय राजा श्री भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी प्रदेश है। कृषि और कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ कृषकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। खेत में उपज से कारखाने और कारखाने से उद्योग तक की संकल्पना को चरितार्थ करते हुए उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 मई की अवधि में कृषि-उद्योग समागम का आयोजन किया जा रहा है। म.प्र. सरकार किसानों तक नवीनतम तकनीक पहुंचाने, खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों को बढावा देने तथा किसानों को अपने उत्पाद का सही मूल्य दिलाने के हर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में 31 मई को भोपाल में महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन आयोजित होगा। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के साथ भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला उद्यमियों, कामगारों, महिला स्व-सहायता समूहों, लाड़ली बहनों का महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश से 2 लाख से अधिक महिलाओं की सहभागिता होगी। महा सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर मेट्रो का लोकार्पण तथा सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 20 मई से 31 मई 2025 तक कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर और अन्य स्थानों पर सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन होंगे। 22 मई को कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर पर केंद्रित महानाट्य अहिल्याकथान संनादति का मंचन किया जाएगा। 23 मई को ग्राम-महिदपुर, उज्जैन में देवी अहिल्या पर केंद्रीत महिला कवि सम्मेलन आयोजित होगा। ग्वालियर में 24 मई को नर्मदापुरम में 26 मई को, 27 मई को भोपाल में और बैतूल में 28 मई को महानाट्य अहिल्याकथान संनादति का मंचन होगा।

इंदौर में 28 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर पर केंद्रीत एकल कविता पाठ और सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी, वहीं 29 मई को लता मंगेशकर ऑडिटोरियम, इंदौर में देवी अहिल्या केंद्रीत महानाट्य शिवयोगिनी अहिल्या का मंचन होगा। अंतिम दिन, 31 मई को राजवाड़ा परिसर, इंदौर में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को समर्पित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के साथ प्रदेशव्यापी आयोजन का समापन होगा। यह आयोजन लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के योगदान को याद करने और उनकी विरासत को सम्मान देने का एक प्रयास है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को राहवीर योजना को लागू किए जाने के लिए मंत्रि- परिषद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक्सीडेंट में घायल प्रत्येक व्यक्ति के लिए 108 एम्बुलेंस, एयर एम्बुलेंस तो शुरू की ही है, इसके साथ ही भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राहवीर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना को भी प्रदेश में लागू कर दिया है, इसके क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर को आदेशित कर दिया है। योजना में प्रावधान है कि यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में किसी घायल व्यक्ति को उसके गोल्डन-ऑवर (प्रारंभिक 1 घंटे) में चिकित्सा हेतु अस्पताल तक पहुंचाता है, और उसकी जान बच जाती है, उस स्थिति में उसे 25 हजार रूपये का ईनाम दिया जाएगा, जो पूर्व में 5 हजार रूपये था । साथ ही यदि कोई नागरिक घायल व्यक्ति को सीधा अस्पताल ले जाता है, उस स्थिति में अस्पताल द्वारा पुलिस को सूचना दी जाएगी। संबंधित व्यक्ति को भी इस पत्र की प्रति दी जाएगी, साथ ही पुलिस द्वारा कलेक्टर को भी इस संबंध में एक पत्र लिखा जायेगा। परिवहन विभाग द्वारा व्यक्ति के खाते में सीधे राशि ट्रांसफर की जावेगी।

मुख्यमत्री डॉ. यादव को मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने इस वर्ष प्रदेश के 9 लाख किसानों से लगभग 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जाने पर धन्यवाद दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 30 लाख) मीट्रिक टन अधिक (लगभग 62व अधिक) रहा है। गेहूं खरीद पर इस वर्ष लगभग 20 हजार करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को किया गया है। प्रदेश के जिन् 9 लाख किसानों से गेहूं खरीदा गया है उसमें से 1 लाख 25 हजार महिला किसान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों ने परंपरागत धोती पहनकर मंत्रि-परिषद की बैठक में भाग लिया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों को अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर और सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों को देवी अहिल्या बाई होल्कर स्मारक के निर्माण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया। लालबाग पैलेस में 3 एकड़ की भूमि पर लगभग 100 करोड़ रूपये से स्मारक का निर्माण किया जाएगा। स्मारक में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन चरित्र, आदर्श, मूल्यों और योगदानों को रेखांकित किया जाएगा।

# चिकित्सा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में मंत्रिपरिषद का महत्वपूर्ण निर्णय

**इंदौर के एमवाय चिकित्सालय के लिए 773.07 करोड़ रुपये और रीवा के संजय गांधी चिकित्सालय के उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ रुपए की मंजूरी मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने व्यक्त किया आभार**

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने एवं चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में आज मंत्रिपरिषद द्वारा दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्णयों से न केवल चिकित्सा अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।

मंत्रिपरिषद ने जिला इंदौर स्थित गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में कुल 773.07 करोड़ रुपए की लागत से 1450 बिस्तरीय नवीन शिक्षण चिकित्सालय भवन, 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम तथा बाह्य विकास कार्यों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगी एवं मेडिकल एजुकेशन की संरचना को आधुनिक बनाएगी।

रीवा जिले में स्थित श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध संजय गांधी चिकित्सालय के व्यापक उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस योजना में नवीन ओ.पी.डी. भवन, मेटरनिटी ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल, मल्टी लेवल पार्किंग, 171 आवास, अत्याधुनिक किचन, डोरमेट्री, न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक तथा कैंसर इकाई के लिये बंकर जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य शामिल हैं। इससे विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी एवं रीवा मेडिकल कॉलेज की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को जनकल्याण की सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सशक्त भारत - स्वस्थ भारत'

के संकल्प को साकार करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. यादव की संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. मल्हारराव होल्कर की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मराठा साम्राज्य के शौर्य के प्रतीक एवं होल्कर वंश के संस्थापक स्व. मल्हारराव होल्कर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि महान योद्धा स्व. होल्कर ने अपने कार्यकाल में कर्तव्यपरायणता, न्याय, सुशासन और जनसेवा के अनेक आदर्श स्थापित किए, जिसका यशगान न केवल मालवा क्षेत्र, बल्कि समूचे राष्ट्र में गुंजायमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. होल्कर का संपूर्ण जीवन और शासनकाल सदैव भावी पीढ़ियों को मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परमवीर चक्र विजेता मेजर शेखावत की जयंती पर किया पुण्य स्मरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत-पाकिस्तान युद्ध (1948) में अदम्य साहस का प्रदर्शन करने वाले परमवीर चक्र विजेता मेजर पीरु सिंह शेखावत की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह शेखावत माँ भारती के सच्चे सपूत थे। उन्होंने राष्ट्र की सेवा में अंतिम सांस तक दुश्मनों से लोहा लिया। युद्ध के मैदान में मेजर पीरु सिंह शेखावत ने प्रतिबद्धता दिखाते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका यह बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों से किया संवाद

**खेलकूद गतिविधियों में सहभागिता के लिये किया प्रोत्साहित**

**खेल के क्षेत्र में प्रदेश के बढ़ते कदम**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के राजवाड़ा में होने वाली ऐतिहासिक कैबिनेट बैठक के पहले होल्कर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था।

**खेल के प्रति किया प्रोत्साहित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगा कर पढ़ाई करने एवं खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। हमारे होनहार खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है।

**कृषि विकास में अग्रणी राज्य**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विकास और विस्तार की संभावनाओं से भी विद्यार्थियों को रू-ब-रू कराया। उन्होंने शासन की कृषि संबंधी मुख्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश कृषि विकास में अग्रणी राज्य की भूमिका अदा करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवाद के दौरान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय की ओर से खेल गतिविधियों के तहत हमें पचमढ़ी और मनाली शिविर में ट्रैकिंग सहित अन्य गतिविधियां करवाई गई। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नवीन आनंद जोशी द्वारा सुपर प्रिंटिंग प्रेस, 17 चौकी तलैया, भोपाल से मुद्रित एवं ई-100/22, शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक- नवीन आनंद जोशी। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।